Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 255 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिसका ह्दय सहानुभूति के भाव से परिपूर्ण है, उसे ही आलोचना करने का अधिकार है।

One who has sympathy in his heart, has the right to criticize.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री साय ने ईद-उल-फितर की दी मुबारकबाद

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देते हुए सभी प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की है। उन्होंने कहा कि ईद का त्यौहार इंसानियत, भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक है। यह पर्व मिलजुलकर रहने, भेदभाव मिटाने और सौहार्द्र बढ़ाने का संदेश देता है।

### पीएम मोदी ने नवरात्रि और नव संवत्सर की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ नव संवत्सर (हिंदू नव वर्ष) की शुरुआत हो गई है। साथ ही नवरात्रि का पावन पर्व भी रविवार से शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा, समस्त देशवासियों को नव संवत्सर की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन-पुनीत अवसर आप सभी के जीवन में नया उत्साह लेकर आए, जो विकसित भारत के संकल्प में भी नई ऊर्जा भरे। इसके बाद एक और पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, देशवासियों को नवरात्रि की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। शक्ति-साधना का यह पावन पर्व हर किसी के जीवन को साहस, संयम और सामर्थ्य से परिपूर्ण करे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिलासपुर में 33,700 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आज नवरात्र और नव वर्ष के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं**

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- सरकार गरीब आदिवासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं और चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने चिंतित है

### सरकार आदिवासी समाज के विकास के लिए विशेष अभियान चला रही है




**रायपुर (विश्व परिवार)।** बुनियादी ढांचे के विकास और सतत आजीविका को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ और लोकार्पण किया। उन्होंने जनसभा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज नए वर्ष की शुभ शुरुआत और नवरात्र के पहले दिन माता महामाया की भूमि और माता कौशल्या के मायके के रूप में छत्तीसगढ़ के महत्व पर बल दिया। उन्होंने राज्य के लिए स्त्री देवत्व को समर्पित इन नौ दिनों के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नवरात्र के पहले दिन छत्तीसगढ़ में होने पर सौभाग्य व्यक्त किया और भक्त शिरोमणि माता कर्मा के सम्मान में हाल ही में जारी किए गए डाक टिकट पर सभी को बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि नवरात्र उत्सव का समापन रामनवमी के उत्सव के साथ होगा, जो छत्तीसगढ़ में भगवान राम के प्रति अद्वितीय भक्ति विशेष रूप से रामनामी समाज का असाधारण समर्पण को उजागर करता है, जिसने अपना पूरा अस्तित्व भगवान राम के नाम पर समर्पित कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों को भगवान राम का मातृ परिवार बताते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस पावन अवसर पर मोहभट्ट स्वयंभू शिवलिंग महादेव के आशीर्वाद से श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में विकास को गति देने के अवसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का उल्लेख किया, जिसमें गरीबों के लिए आवास, स्कूल, सड़क, रेलवे, बिजली और गैस पाइपलाइन शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ाना और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने इन विकास पहलों के माध्यम से हासिल की गई प्रगति के लिए सभी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने आश्रय प्रदान करने के सांस्कृतिक महत्व पर बल देते हुए इसे महान पुण्य बताया। उन्होंने कहा कि घर का मालिक होने का किसी का सपना पूरा होने की खुशी अद्वितीय है। नवरात्र और नव वर्ष के शुभ अवसर पर उन्होंने इस बात पर बल दिया कि छत्तीसगढ़ में तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घरों में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने इन परिवारों को नई शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इन घरों के निर्माण का श्रेय अपने नेतृत्व में दिखाए गए भरोसे को दिया। छत्तीसगढ़ में लाखों परिवारों के लिए पक्के घर का सपना पहले नौकरशाही की फाइलों में खो गया था। उन्होंने इस सपने को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को याद किया। उन्होंने कहा कि श्री विष्णु देव के नेतृत्व में, पहला कैबिनेट निर्णय 18 लाख मकानों के निर्माण का था, जिनमें से तीन लाख पूरे हो चुके हैं। उन्होंने खुशी ज़ाहिर की कि इनमें से कई घर आदिवासी इलाकों में हैं, जो बस्तर और सरगुजा के परिवारों को लाभान्वित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने लाखों घरों के निर्माण के व्यापक प्रभाव पर बल दिया। इसने न केवल गांवों में स्थानीय कारीगरों, राजमिस्त्रियों और मजदूरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए, बल्कि इन घरों के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री स्थानीय स्तर पर प्राप्त की जाती है, जिससे छोटे दुकानदारों और परिवहन ऑपरेटरों को लाभ होता है। उन्होंने कहा कि इन आवास परियोजनाओं ने छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं, जिससे कई लोगों की आजीविका में योगदान मिला है।

### प्रधानमंत्री ने अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का किया शुभारंभ



रायपुर से नया रायपुर राजधानी क्षेत्र रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। अब यहां आवागमन के लिए मेमू ट्रेन नियमित रूप से चला करेगी। रायपुर रेल्वे स्टेशन से मंदिर हसौद होते हुए नया रायपुर सीबीडी, केन्द्री होते हुए अभनपुर और अभनपुर से रायपुर ट्रेन के जरिए आवागमन हो सकेगा। इससे मंदिर हसौद, मंत्रालय, सचिवालय, नया रायपुर, अभनपुर आवागमन में सस्ता और आसान होगा। इससे शासकीय कर्मचारियों सहित नया रायपुर के नागरिकों और विद्यार्थियों को एक नई सुविधा सुलभ हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के मोहभट्ठा बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ में 2,695 करोड़ रूपए की लागत से पूरी हो चुकी चार रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही उन्होंने 7 रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## सीएम विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर विकास की नई रोशनी फैली है, जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने जनसभा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाएं रेल, सड़क, ऊर्जा, ईंधन, आवास और शिक्षा से जुड़ी हैं, जो न केवल लोगों के जीवन में खुशहाली और सुविधा का नया सूर्योदय लाएंगी, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ की नींव भी मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने भरोसा किया जिससे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डबल इंजन की सरकार बनी और अब स्थानीय निकाय चुनावों में तीसरा इंजन भी जुड़ गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ इसमें ऊर्जा, खनिज और कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक बनेगा।

# लालू ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम किया : अमित शाह



**पटना (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की, वहीं राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लालू यादव ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम करने का काम किया।

उन्होंने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल को जंगलराज के रूप में ही याद किया जाएगा। इससे पहले पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग की ओर से समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की हजारों करोड़ की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पहले बापू सभागार में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने लालू यादव पर सीधे तौर पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया, जबकि एनडीए की सरकार ने राशन, घर, बिजली, रसोई गैस, दवाई और मुफ्त राशन पहुंचाने का काम किया। गरीबों के लिए किसी ने कुछ किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास दिया गया, 11 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का सिलेंडर दिया गया, 12 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया गया। 81 करोड़ लोगों को प्रति माह, प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज के साथ पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिला मत्स्य पालन के कार्यों को गति देने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाने का काम किया। 75 साल तक किसी सरकार ने सहकारिता को मजबूत करने का काम नहीं किया। लेकिन, नरेंद्र मोदी ने इस विभाग को गति दी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार ऐसा क्षेत्र है जहां जमीन उपजाऊ है, जल संसाधन भी बहुत हैं। सहकारिता क्षेत्र का सबसे बड़ा फायदा बिहार को होने वाला है।

## पंजाब सरकार ने बिजली की दरें घटाई, 600 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा पूरा

**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब सरकार के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने शनिवार को अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बिजली दरों में कमी कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है।

हरभजन सिंह ईटीओ ने बताया कि नई टैरिफ दरें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी, जिसमें बिजली की दरों को कम किया गया है। इसके साथ ही एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं बढ़ाया गया है। मंत्री ने कहा, पंजाब सरकार लंबे समय से लोगों के हित में फैसले ले रही है ताकि बिजली उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो। पिछले तीन वर्षों से राज्य के लोगों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है, जो आम आदमी पार्टी सरकार का जनता से किया गया वादा था और इसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने गोइंदवाल में एक बड़ा थर्मल पावर प्लांट भी खरीदा है। हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि 2025-26 के लिए नई टैरिफ दरों में वाणिज्यिक कनेक्शनों की दरें कम की गई हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### हिन्दू नव वर्ष में भव्य शोभा यात्रा निकली



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जगद्गुरू रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्य जी महाराज दक्षिण पीठ-नाणीजधाम, रत्नागिरी महाराष्ट्र के बैनर तले दिनांक 30 मार्च 2025 को हिन्दू नववर्ष (नवरात्रि) के उपलक्ष्य में स्व-स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मण्डल, छत्तीसगढ़ द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में शामिल होने का जुनून इस बार देखते ही बन रहा था। शोभा यात्रा प्रात: 7:00 बजे से आयोजित था, किंतु भक्त गण एक दिन पहले रात्रि से ही आना प्रारंभ कर दिये थे। छ.ग. के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हिंदू धर्म के सभी पंथों और समाज के धर्म प्रेमी भाई, माता और बहनों ने एकजुटता का परिचय देते हुये जगद् ?गुरू नरेंद्राचार्य जी महाराज जी के बैनर तले हिन्दू नववर्ष की शोभा यात्रा में एक साथ शामिल हुये। इस भव्य शोभा यात्रा में श्री हनुमान मंदिर समिति तात्यापारा, महाराष्ट्र मण्डल, मराठा समाज, कुनबी समाज, तेली समाज, यादव समाज, अर्द्धनारीश्वर धाम, वैष्णव किन्नर अखाड़ा, क्षत्रिय पवार समाज, संत समाज परिवार रायपुर के अलावा जगद्गुरू रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्य जी महाराज स्व-स्वरूप संप्रदाय के रायपुर, दुर्ग, धमतरी, कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद और बिलासपुर जिले के भक्तगण शामिल हुये। जगद् ?गुरू नरेंद्राचार्य जी महाराज का आव्हान कर श्री हनुमान मंदिर तात्यापारा चौक रायपुर से शोभा यात्रा की शुरूवात की गई। शोभा यात्रा में सबसे पहले दुर्ग जिले की महिला भक्त गणों द्वारा लेजिम नृत्य का प्रदर्शन किया गया। उसके पीछे कलश की टोली, फिर जगद्गुरू नरेंद्राचार्य जी महाराज का रथ, झण्डों की टोली, श्री हनुमान मंदिर समिति तात्यापारा, महाराष्ट्र मण्डल, मराठा समाज, कुनबी समाज, तेली समाज, यादव समाज, अर्द्धनारीश्वर धाम, वैष्णव किन्नर अखाड़ा, क्षत्रिय पवार समाज, संत समाज परिवार के सदस्य गण, उसके पीछे राजनांदगांव जिले के भक्तगणों द्वारा राउत नाचा का प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा में रायपुर जिला, धमतरी जिला, बालोद जिला और महासमुंद जिला के द्वारा नवदुर्गा नवदेवियों, राम दरबार और भारत माता की मनोरम झांकी का प्रदर्शन किया गया। नववर्ष शोभा यात्रा में जहां एक ओर नवरात्रि की झलक दिखी वहीं छत्तीसगढ़ी पारम्परिक नृत्य का समावेश भी दिखा।

### ग्रामीण परिवारों को मिला पक्के आवास की सौगात, हितग्राहियों ने गृहप्रवेश के दौरान कहा- स्वयं के पक्के घर से अब मिली सुकून




**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही परिवारों को रविवार को चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पक्के आवास की सौगात मिलने पर इन हितग्राहियों में अपार खुशी दिखाई दी। इस मौके पर जिले के सातों विकासखण्डों के 9839 हितग्राहियों का उनके नए भवन में प्रवेश करवाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश किया गया और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के मैदानी अमलों ने हितग्राहियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। इस दौरान हितग्राहियों ने स्वयं का पक्का घर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा अब खुद के पक्के घर में रहने से सुकून मिलेगी। बस्तर ब्लॉक के बाकेल निवासी बुजुर्ग महिला सयती बघेल ने कहा अब बारिश के दिनों में ज्यादा सहूलियत होगी और पानी टपकने की चिंता से मुक्ति मिलेगी। ज्ञात हो कि रविवार को जिले के सातों विकासखण्डों बकावंड ब्लॉक में 3684, बास्तानार में 475, बस्तर में 2392, दरभा ब्लॉक में 436, जगदलपुर ब्लॉक में 1571, लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक में 1087 और तोकापाल में 194 हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नवनिर्मित पक्के आवासों में गृह प्रवेश किया। इस दौरान सम्बन्धित गांवों में खुशी का अलग ही माहौल दिखाई दी।

# 'पक्का मकान बन गया है?'-प्रधानमंत्री मोदी के सवाल पर मुस्कराए दल्लु राम बैगा, कहा- हां, बन गया

- प्रधानमंत्री जनमन योजना बनी आत्मसम्मान की छत- एक सजीव संवाद की प्रेरक कहानी
- तीन लाख गरीबों का सपना हुआ पूरा, पहुंचे खुद के पक्के मकानों में
- सोमारी पुनेम, दल्लुराम बैगा और जगतपाल राम को प्रधानमंत्री ने अपने हाथों से सौंपी नए आवास की चाबी
- दूरस्थ वनांचलों में भी गरीबों और वंचितों के अब खुद के पक्के घर, सुरक्षा और सम्मान के साथ चिंतामुक्त रह रहे अपने सपने के आशियानों में




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जब बिलासपुर जिले के ग्राम मोहभट्ठा में आयोजित आमसभा एवं विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह के दौरान हितग्राहियों से संवाद किया, तो मंच पर एक विशेष क्षण आया – प्रधानमंत्री और दल्लु राम बैगा के बीच सरल, संक्षिप्त किन्तु सजीव, आत्मीय एवं सारगर्भित संवाद।

प्रधानमंत्री ने मुस्कराकर पूछा- पक्का मकान बन गया है?

दल्लु राम ने हाथ जोड़कर जवाब दिया- हां, बन गया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने फिर स्नेहपूर्वक पूछा- अच्छा लग रहा है की नहीं?

भावुक दल्लु राम ने जवाब दिया- अच्छा लग रहा है।

प्रधानमंत्री ने अंत में पूछा- बाकी सब ठीक है?

दल्लु राम ने आत्मविश्वास के साथ कहा- ठीक है।

यह संवाद कोई औपचारिक प्रश्नोत्तर नहीं था, बल्कि विश्वास, संवेदना और साझेदारी का साक्षात चित्रण था।

छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवारों के लिए आज का दिन बेहद खास और अविस्मरणीय है। आज चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें उनके सपनों के आशियानों में गृहप्रवेश कराया। इनमें बड़ी संख्या में दूरस्थ वनांचलों के गरीब और वंचित परिवार भी शामिल हैं। ये ऐसे परिवार हैं जो प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना नहीं होती तो शायद ही कभी अपने खुद के पक्के मकान का सपना पूरा कर पाते। यह योजना प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों का बड़ा सपना पूरा कर रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज बिलासपुर के मोहभट्ठा में दूरस्थ अंचलों के तीन आदिवासी परिवारों को खुद अपने हाथों से नए आवासों की चाबी सौंपी। बीजापुर जिले के चेरपाल पंचायत की श्रीमती सोमारी पुनेम, कबीरधाम जिले के ग्राम हाथीडोब के श्री दल्लुराम बैगा और जशपुर जिले के करदना पंचायत के पहाड़ी कोरवा श्री जगतपाल राम को जब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रतीक रूप में मंच से उनके नवनिर्मित पक्के आवासों की चाबी सौंपी तो उनकी खुशियां देखते ही बनती थी। रोटी, कपड़ा और मकान हर इंसान की सबसे बुनियादी जरूरतें हैं। पिछड़े ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जहां आज भी संसाधनों की भारी कमी है, वहां एक पक्का घर सिर्फ एक दीवार और छत नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के दल्लुराम बैगा कभी कच्ची मिट्टी और खपरैल के घर में भय और असुरक्षा के साये में रहते थे। बरसात में छत से टपकते पानी, कमजोर मिट्टी की दीवारें और रात के सन्नाटे में रेंगते जहरीले जीव-जंतु... ऐसे हालात में पूरे परिवार के साथ रहना रोज का संघर्ष था।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत दल्लुराम का आवास स्वीकृत होने के बाद उसके सपनों के घर का सफर शुरू हुआ। आवास निर्माण के लिए दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता के साथ ही 95 दिनों की मनरेगा मजदूरी के रूप में 23 हजार रुपए भी मिले। अन्य योजनाओं से रसोई गैस, शौचालय और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मिलीं। अब दल्लुराम और उसका परिवार न केवल सुरक्षित मकान में रह रहा है, बल्कि आत्मसम्मान और गर्व के साथ समाज में अपनी पहचान भी बना रहा है।

**दीवारों की नहीं सपने के पूरे होने की मुस्कान-** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरबा समुदाय के जशपुर जिले के सुदूर अंचल में बसे ग्राम करदना के श्री जगतपाल राम वर्षों से एक टूटी-फूटी झोपड़ी में अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकता था, चारों ओर कीचड़ और भीतर डर का माहौल बना रहता था। सांप-बिच्छुओं का डर, हर साल झोपड़ी की मरम्मत का बोझ, और बिजली जैसी मूलभूत सुविधा का भी अभाव था।

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना जगतपाल के लिए उम्मीद की रोशनी लेकर आई। योजना के तहत मिली दो लाख रुपए की सहायता से जगतपाल ने साफ-सुथरा, मजबूत पक्का घर बनवाया जहां न केवल रहने के लिए कमरे हैं, बल्कि शौचालय और बिजली भी है। अब उनका परिवार मूसलाधार बारिश के थपेड़ो, जंगली जानवर और रात के अंधेरे के खतरों से सुरक्षित है। आज जब जगतपाल अपने घर के सामने बैठते हैं, तो उनके चेहरे पर संतोष की मुस्कान होती है। यह मुस्कान सिर्फ दीवारों की नहीं, बल्कि सपने के पूरे होने की मुस्कान है। जगतपाल की ही तरह हजारों गरीब और वंचित आदिवासी परिवारों की भी ऐसी ही कहानी है जिनका जीवन प्रधानमंत्री आवास योजना ने खुशियों से भर दिया है।

**टूटे सपनों को मिला सहारा और मिट्टी के आंगन में उग आई उम्मीद की छत-** वर्षों तक संघर्ष करते हुए सोमारी पुनेम ने कभी नहीं सोचा था कि उसके सिर पर एक दिन पक्की छत होगी। पति के निधन के बाद वह अपने बेटे के साथ एक छोटे से टपकते छप्पर के नीचे जीवन की अनगिनत कठिनाइयों के बीच अपना जीवन-यापन कर रही थी। नियद नेल्ला नार योजना शुरू होने के बाद जब उसे प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली, तो उसकी आंखें चमक उठी। वह बताती है – मैंने अपने पास जो थोड़ी-बहुत बचत थी, वही लगाई।

हर दिन मजदूरों के साथ बैठकर खुद ईंटें उठाई। घर बनता गया... और मेरा आत्मविश्वास भी। आखिरकार महीनों की मेहनत के बाद पक्का आवास बनकर तैयार हो गया। अब बारिश की बूंदें डर नहीं, राहत देती हैं... रातें भी सुकूनभरी लगती हैं। धूप से अब सिर्फ दीवारें नहीं, सम्मान भी बचता है।

बीजापुर के चेरपाल में रहने वाली 60 साल की सोमारी कहती है – आज जब मैं अपने घर के दरवाजे से अंदर जाती हूं, तो लगता है कि मैं अकेली नहीं हूं। मेरे साथ मेरे स्वर्गीय पति का सपना भी इस घर में सांस ले रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने सोमारी को सिर्फ एक मकान नहीं दिया। यह योजना उसके जीवन में भरोसे की नींव, आत्मसम्मान की दीवारें और भविष्य की छत बनकर उतरी है।

### मुख्यमंत्री से मनोहर लाल खट्टर ने की मुलाकात



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री खट्टर का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नंदी भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री किरण सिंह देव उपस्थित थे।

## 'मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी' के अंतर्गत पार्कों की देने की तैयारी में नगर निगम भिलाई



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में डेढ़ सौ से अधिक उद्यान है। सभी उद्यानों का रखरखाव एवं मेंटेनेंस का काम करना एक बड़ी जिम्मेदारी है। किसी भी नगर की आकर्षण एवं खूबसूरती मे प्रमुख स्थान वहां के उद्यानो का स्थान आता हैं। उद्यानों का उपयोग वहां के स्थानीय निवासियों द्वारा किया जाता है। नगर निगम भिलाई द्वारा बहुत सारे उद्यानों को व्यवस्थित करके वहां के स्थानीय निवासियों को समिति बनाकर के दिया जा रहा है। इसमें स्थानीय निवासी भी बहुत ही खुशी-खुशी इस कार्य को करने के लिए तैयार हो रहे हैं। इसमें दोनों पक्ष की भागीदारी हो रही है। नगर निगम को अपने सीमित संसाधन से सभी उद्यानों का मेंटेनेंस एवं रख रखा करने में परेशानी हो रही है। शासन से भी दिशा निर्देश प्राप्त है की जन भागीदारी से कार्यों को करना ज्यादा हितकारी है। उद्यान विभाग के प्रभारी अध्यक्ष श्रीमती नेहा साहू भी लोगों से मिलकर के प्रोत्साहित कर रही है। नेहरू नगर निवासी श्रीमती गीता मोदी ने बताया कि हमारे बगल में स्थित मिलेनियम पार्क बहुत ही आकर्षक हो गया है। हम सब महिलाएं बैठकर के यहां पर भजन कीर्तन रामायण करती हैं, हम लोग यहां सुबह योग प्राणायाम करते हैं। मीटिंग भी करते हैं। निगम के अधिकारी तुलेश्वर साहू पार्षद चंदेश्वरी बाधे बहुत सहयोग कर रही हैं। कोई भी बाहरी असामाजिक सामाजिक लड़के लड़कियां घूमते हुए मिलते हैं हम सब महिलाएं समूह बना करके जाती हैं उनको भगा देती हैं। अब उनका आना कम हो गया है मैं तो जोर से डांटती हूं। इसकी इसकी जिम्मेदारी हम सब लेने के तैयार हैं। इसका देखरेख करेंगे पानी डालेंगे। अभी मोर शहर मोर जिम्मेदारी के अंतर्गत देने के लिए प्रमुख रूप से तैयार उद्यान है। शिवाजी, मिलेनियम, महाराणा प्रताप, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी, पिंक गार्डन, शास्त्री पार्क, हैप्पी गार्डन, सम्राट अशोक उद्यान, कोहका गार्डन, परी गार्डन इत्यादि। महापौर नीरज पाल ने भी स्थानी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग रुचि लेकर के अपने क्षेत्र के उद्यानों का देखरेख करें। इससे हमारा शहर व्यवस्थित रहेगा, निगम भी उसमें भरपूर सहयोग करेगा।

## शासकीय महाविद्यालय बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय वेबीनार का हुआ आयोजन



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी के अमर गीतकार 'कवि प्रदीप के गीतों में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में भारत के विभिन्न राज्यों हरियाणा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से प्रतिभागी के रूप में 280 लोगों ने पंजीयन कराकर ऑनलाइन माध्यम से अपनी सहभागिता दी। इस वेबीनार में बीएससी की छात्रा प्रेमशिला एवं एमए हिंदी की पिपेश्वरी, मनीषा आदि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर और महाविद्यालय के प्राचार्य तथा विभाग अध्यक्ष हिंदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र ने आमंत्रित अतिथियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश की माननीय कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में कुलपति महोदया ने संगीत, नृत्य, गीत आदि को एक दूसरे से जोड़ते हुए गीतकार कवि प्रदीप के गीतों में राष्ट्रीय चेतना पर सारगर्भित प्रकाश डाला। विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए डी ए वी बोकारो, झारखंड के पूर्व व्याख्याता एवं संकाय प्रधान डॉ मणिकांत मिश्र ने हिंदी साहित्य में गीत परंपरा का उल्लेख करते हुए कवि प्रदीप के गीतों में देशभक्ति, गीत तत्व एवं राष्ट्रीय चेतना के व्यवहारिक पक्षों को उद्घाटित किया। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ के सहायक प्राध्यापक डॉ गिरजा शंकर गौतम ने आधुनिकता के दौर में फिल्मी दुनिया से प्रभावित आज की पीढ़ियों को कवि प्रदीप के देशभक्ति पूर्ण गीतों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। आंध्र प्रदेश के शासकीय डीके महिला महाविद्यालय नेल्लूर के सहायक प्राध्यापक डॉ एस सुरेंद्र ने अपने वक्तव्य में कवि प्रदीप से जुड़े अनेक अछूते पक्षों को उजागर किया, उन्होंने देशभक्ति गीत को स्वर में गाकर ऑनलाइन जुड़े समस्त प्रतिभागियों को भाव विभोर कर दिया। महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहपुर, उत्तर प्रदेश के सहायक प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार यादव ने कवि प्रदीप के गीतों में मौलिक जनवादी और समसामयिक तथ्यों का उद्घाटन विवेचना पूर्वक किया। शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी पीजी कॉलेज सतना, मध्यप्रदेश से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अखिलेश मणि त्रिपाठी ने अपने मौलिक एवं सारगर्भित वक्तव्य में हिंदी के कवि महाप्राण निराला और कवि प्रदीप की रचनाओं में समानता दिखलाई देती है इस पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने कवि प्रदीप के संदेश को उद्घाटित किया कि हमारा राष्ट्र भारत सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीयता अथवा जागृति की दृष्टि से कभी पराजित नहीं हुआ।

## नि:शुल्क स्वा,स्थ्य जांच - ATDC, रायपुर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा संचालित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का मानव सेवा हेतु कृत संकल्पित महनीय उपक्रम आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर, रायपुर द्वारा रायपुर सकल जैन समाज समाहित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति-2025 अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय आयोजन दिनांक 26 मार्च से 9 अप्रैल 2025 तक 3 टेस्ट नि:शुल्क प्रदान करते हुए प्रस्तुत किये गए। जिसका लाभ आज पंचम दिन समता/चौबे कालोनी क्षेत्र में दिनांक 30/03/2025 को Thyroid/Sugar/CBC-31 समाज जनों द्वारा लिया गया। जिसमें विशेष सहयोग लैब में कार्यरत सुषमा साह, प्रीती शर्मा का रहा।

श्री नवरतन जी वैभव जी डागा परिवार ने सहयोगी की भूमिका निर्वहन करते हुए विसजर्न किया। तेयुप से वीरेंद्र डागा, गौरव दुगड़, किशोर खाटेड़, निकुंज साचला, रिषभ बोथरा, अंकित गोलछा, अमित कात्रेला कि सहभागिता रही।


### कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर (छ.ग.)

(E-mail :- cmho_raipur@yahoo.co.in) Ph. 0771-2543092, 2543084

## // सूचना //

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला रायपुर के तहत् जिला स्तरीय संविदा भर्ती के विज्ञापन क्रमांक / एन.एच.एम./ एच.आर./2024/23712 रायपुर, दिनांक 12.08.2024 से प्राप्त आवेदनों के 18 पदों (1. TBHV (NTEP), 2. Laboratory Technician DPIIL (IDSP), 3. Lab Attendant (NIDDCP-DPHL IDSP), 4. Lab Technician (NUHM), 5. ANM (NUHM), 6. Physiotherapist (NHM), 7. Physiotherapist (NUHM), 8. Counselor (Tele Manas), 9. Clinical Psychologist (NHM), 10. Psychiatric Social Worker (NHM), 11. Counsellor (NHM), 12. Staff Nurse (SNCU), 13. Staff Nurse (NBSU), 14. Pharmacist (RBSK), 15. Technical Coordinator (NHM), 16. Secretarial Assistant (NHM), 17. Programme Associate- DEIC, 18. Attender (NHM), के अनंतिम मेरिट सूची एवं लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं समय सारिणी जिले के वेब साईट www.raipur.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला रायपुर (छ.ग.)

SAMVAD- 43387/ 3

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 922 दिनांक 28.03.2025
वार्ड का नाम- वीर भीमाशाह वार्ड
वार्ड क्रमांक- 3, वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 3 मांग **पंजी क्र. 29 युआईडी 11187** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **बैसाखू राम/ बुद्धू सिन्हा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **जीवन राम निषाद/ मिलन राम निषाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 923 दिनांक 28.03.2025
वार्ड का नाम- मेटल पार्क वार्ड
वार्ड क्रमांक- 9, वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 9 मांग **पंजी क्र. 831 युआईडी 33638** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **राजीव तिवारी/ स्व. भगवती प्रसाद तिवारी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **दिव्या कटरे/ जागेश्वर कटरे** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 924 दिनांक 28.03.2025
वार्ड का नाम- राजीव गांधी वार्ड
वार्ड क्रमांक- 5, वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 5 मांग **पंजी क्र. 148 युआईडी 11995** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **शिवम मिनरल्स/ देवेन्द्र** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **कुलश्रेष्ठ शर्मा/ सुरेन्द्र कुमार शर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./19412/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 29-03-2025

## इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19412
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220K00002** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **AJAY KUMAR BAJAJ SIO BHAGWAT PRASAD PRASAD BAJAJ, NAFEES BEGAM W/O SAEED KHAN, GURJEET SINGH GARCHA S/0 PURAN SINGH GARCHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AJAY KUMAR BAJAJ S/O BHAGWAT PRASAD PRASAD BAJAJ, NAFEES BEGAM W/O SAEED KHAN, GURJEET SINGH GARCHA S/O PURAN SINGH GARCHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नफीस बेगम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- सईद खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **बयनामा**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19491/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 30-03-2025

## इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19491
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L01313** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANMEET SINGH PANNU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GURMEET SINGH PANNU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **Baldev Pandit** पिता/पति, श्री/श्रीमती **Dhaneshwar Pandit** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

# ऑनलाइन और म्यूल अकाउंट से धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने क्रेडिट कार्ड बकाया होने, सीबीआई जांच, कोर्ट वारंट आदि का डर दिखाकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी डरा धमकाकर, लोगों को अपने झांसे में लेते हुए क्यूआर कोड भेज कर, पैसा भेजने के लिए लोगों को धमकाते थे। प्रकरण में पुलिस द्वारा म्यूल खाता धारक आरोपियों की भी पहचान कर कार्रवाई की है। आरोपियों द्वारा ऑनलाइन माध्यमसे,डरा धमका कर 3,48,000 रकम की धोखाधड़ी कीगई मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 15.01.2025 को प्रार्थिया के मोबाइल नंबर पर एक नए नंबर से कॉल आया और उस नंबर से आरोपियों द्वारा कहा गया कि आपका क्रेडिट कार्ड का बैलेंस बकाया है। आप मनी लांड्रिंग केस में सम्मिलित हो, इस प्रकार की बातें बोलकर एवं कोर्ट का वारंट की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से प्रार्थिया के मोबाइल में प्रेषित कर डराते हुए, आरोपियों द्वारा एक क्यूआर कोड भेजा गया एवं प्रार्थिया से कहा गया कि उस क्यू आर कोड में पैसा जमा करें। तब प्रार्थिया द्वारा डर के कारण दिनांक 15.01.2025 से 22.01.2025 तक अलग-अलग समय में कुल 3,48,000 यूपीआई के माध्यम से आरोपियों द्वारा भेजे गए अलग-अलग क्यू आर कोड में ट्रांसफर किया गया। इस बीच आरोपियों द्वारा वीडियो कॉल, व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से स्वयं को पुलिस हैडक्वाटर दिल्ली का सीबीआई अधिकारी बताते हुए, प्रार्थिया को धमकी भी दिया गया। आरोपियों द्वारा इस प्रकार क्रेडिट कार्ड बकाया होने एवं सीबीआई जांच, आरबीआई अकाउंट एवं कोर्ट वारंट का डर दिखाकर प्रार्थिया से कुल 3,48,000 धोखाधड़ी कर लिया गया। की प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 121/2025 धारा 318(4),308(7) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 आरोपियों को क्रमशः धनबाद झारखंड एवं नयागढ़ उड़ीसा से हिरासत में लिया गया। कि आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा प्रार्थिया को ऑनलाइन विभिन्न माध्यमों से डरा धमकाकर 3,48,000 की धोखाधड़ी करना एवं उक्त रकम को विभिन्न म्यूल खाता के माध्यम से आहरण करना पाया गया। आरोपी भोला उर्फ रोहित कुमार से पूछताछ में यह पता चला कि- उसने बीए फाइनल तक की पढ़ाई किया है। आरोपी द्वारा ऑनलाइन फर्जी तरीके से फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग कर अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से आइसीआइसीआइ बैंक के साथ-साथ अन्य बैंक, इंडस्ट्रियल बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में खाता खुलवाया गया है। आरोपी द्वारा अपने फर्जी मोबाइल नंबर के माध्यम से लोगों को मनी लांड्रिंग केस में संलिप्त होने, क्रेडिट कार्ड का बकाया राशि, सीबीआई जांच आदि का डर दिखाकर धमकाकर फर्जी तरीके से लोगों के साथ धोखाधड़ी किया जाता है। आरोपी द्वारा इसी प्रकार प्रार्थीया के साथ भी उसे डरा धमकाकर फर्जी तरीके से पैसा आहरण करना स्वीकार किया गया। नयागढ़ उड़ीसा निवासी 03 आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि- आरोपियों द्वारा स्वयं के नाम से उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में ऑनलाइन के माध्यम से साइबर फ्रॉड के लिए अकाउंट खोला गया है, जिसमें जो भी फायदा होता है इसका एक हिस्सा आरोपियों को दिया जाता है। आरोपियों के खोले गए अकाउंट पर जब भी पैसा आता है तो उसमें से ?500-1000 रुपए आरोपियों को मिलता है। आरोपियों द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से मिलने वाले पैसों को ट्रांजैक्शन करने एवं खपाने का काम किया जाता है। प्रकरण में सभी चारों आरोपियों को आज दिनांक 28.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है मामले में पुलिस ने भोला उर्फ रोहित कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी हरि मंदिर लोवर चौथाई कुल्ही अमतल धनबाद थाना झरिया जिला धनबाद झारखंड, देवनाथ विसोई उम्र 20 वर्ष निवासी विजय मंडप गली ओडागांव थाना ओडागांव जिला नयागढ़ उड़ीसा, कालूचरण बारीक उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 मथसरेजुरिया थाना ओडागांव जिला नयागढ़ उड़ीसा तथा शिबाशंकर अचारी उम्र 23 वर्ष निवासी जारीन थाना ओडागांव जिला नयागढ़ उड़ीसा को गिरफ्तार किया है।

# गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई 500 रु.रोजी में गांजा बिकवाता

### सरगना टीम पर हमला कर फरार, एक गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों खासकर शहर और ग्रामीण इलाकों में अवैध नशा बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा है। इसके लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है लेकिन इस गिरोह तक पुलिस और आबकारी विभाग की पकड़ पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। बड़े तस्करों की बात छोड़ दें तो पकड़े जाने वाले सप्लायरों की इतनी हिम्मत हो गई है कि वह अमले पर हाथ उठाने में नहीं कांप रहे। कहीं ना कहीं अपेक्षाकृत ज्यादा सोशल फ्रेंडली होती पुलिसिंग का भी ऐसे तस्कर भरपूर फायदा उठा रहे हैं और बच्चों से लेकर युवा तरह-तरह का नशा के आदी होते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बुधवारी बाजार में गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची आबकारी विभाग की टीम से गांजा तस्कर ने मारपीट कर ली। गांजा तस्कर मारपीट के बाद फरार हो गया। इस घटना में आबकारी विभाग के चालक घायल हो गया है। बिलासपुर से आई संभाग स्तरीय आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि कोरबा के सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत बुधवारी बाजार के एक मकान और ठेले से अवैध गांजा बेचा जा रहा है। मौके पर पहुंची टीम ने छापेमारी के दौरान एक युवक को बाजार में फेरी लगाकर गांजा बेचते हुए पकड़ा है। पूछताछ में उसने अपना नाम मोनू चैहान 20 वर्ष बताया। उसने बताया कि वो 500 रुपए की रोजी पर छोटका के कहने पर गांजा की पुड़िया बेचता था। प्रत्येक पुड़िया 100 रुपए में बेची जाती थी और सप्लायर के कहने पर यह काम करता था। मोनू ने बताया कि गांजा ओडिशा से लाया जाता है, लेकिन इसकी लाने ले जाने की जानकारी उसे नहीं थी। आबकारी की टीम ने मोनू को पकड़कर कथित सप्लायर को फोन कर बुलाया। मौके पर पहुंचते ही उसने टीम से विवाद किया। इसके बाद हाथापाई और मारपीट कर फरार हो गया।

# छत्तीसगढ़ निगम मंडलों में नियुक्ति को लेकर ननकीराम कंवर ने पीएम को लिखा पत्र

### कहा पुराने चेहरों को दोबारा मौका ना दिया जाए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा शासन काल में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के एक पत्र ने सियासी खलबली मचा दी है. जल्द ही छत्तीसगढ़ सरकार निगम मंडलों में बीजेपी नेताओं को नियुक्ति दे सकती है. कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा से लंबे समय तक विधायक रहे चुके और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री रहे ननकी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर यह कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार निगम मंडल के अध्यक्ष व सदस्यों के पद पर नए लोगों को नियुक्त किया जाए. पुराने चेहरों को दोबारा मौका ना दिया जाए. इस पत्र ने निगम-मण्डल के पदों के लिये कतार में लगे नेताओं की चिंता बढ़ा दी है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पत्र में ननकीराम कंवर ने कहा है कि साल 2003 से 2018 तक प्रदेश में भाजपा की सरकार रही. उस समय विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर कई लोगों की नियुक्तियां की गई. कई ऐसे निगम के मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य सदस्य रहे जिनके कार्यकलाप से भाजपा सरकार को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है. जिसके कारण ही 2018 में हमारी सरकार नहीं आई. तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय जिन कर्मचारी-अधिकारियों के द्वारा भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को झूठे मामले में फंसाना व उन्हें अन्य तरीके से प्रताड़िक किया गया था, उन्ही कर्मचारी-अधिकारियों को हमारी पार्टी के कुछ दलाल प्रकृति के लोग उनके विरुद्ध हो रही शिकायत पर कार्यवाही पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं. उन्हें मनचाही जगहों पर पदस्थ कराने के प्रयास में हैं.

# वार्ड पार्षद ने 573 मजदूर हितग्राहियों को प्रदान किए मजदूर कार्ड

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 09 की नवनिर्वाचित पार्षद राधा दास ने मजदूर कार्ड नवीनीकरण अभियान के तहत 573 श्रमिकों को मजदूर कार्ड वितरित किए। उल्लेखनीय हैं की वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद राधा दास, जो पूर्व पार्षद सुफल दास की भाभी मां हैं, ने श्रमिकों के हित में एक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने वार्ड के 573 मजदूर हितग्राहियों के मजदूर कार्डों का नवीनीकरण कराकर उन्हें प्रदान किया, जिससे ये श्रमिक विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर पार्षद राधा दास ने कहा कि मजदूर वर्ग समाज की रीढ़ हैं, और उनके कल्याण के लिए हर संभव सहायता प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वे मजदूर हित में कार्यरत विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी। स्थानीय नागरिकों और मजदूर हितग्राहियों ने पार्षद राधा दास के इस कार्य की सराहना की और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड के कई गणमान्य नागरिक एवं नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद राधा दास ने अपील करी कि जो भी पात्र मजदूर अभी तक मजदूर कार्ड नहीं बनवा पाए हैं, वे जल्द से जल्द आवेदन करें, ताकि उन्हें भी इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

# पुलिस और पत्रकार संगठनों ने मिलकर सड़क सुरक्षा को लेकर किया विशेष अभियान शुरू

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे आम वाहन चालकों को भारी नुकसान हो रहा है। हर दिन होने वाले हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद दुर्घटनाओं पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। इसी कड़ी में कटघोरा पुलिस और पत्रकार संगठनों ने मिलकर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कोरबा और प्रेस क्लब कटघोरा ने कटघोरा पुलिस के साथ मिलकर हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान की शुरुआत कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने हरी झंडी दिखाकर की। हेलमेट रैली कटघोरा थाना से शुरू होकर पूरे शहर में निकाली गई और कटघोरा मुरली मेट्रो तक भ्रमण किया। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। इस रैली में कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना, प्रेस क्लब सचिव शिव शंकर जायसवाल, पत्रकार संघ अध्यक्ष अजय धनोदिया समेत कई पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें भाजपा जिला मंत्री संजय शर्मा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग दुष्यंत शर्मा गंगा पटेल संजीत सिंह रुपेश डिक्सेना अनुराग दुहलानी , अमित जायसवाल, अविनाश केसरवानी , मनदीप जायसवाल आयुष जायसवाल शिवकुमार गुप्ता चंद्र कुमार नानक राजपूत श्रीवास्तव, आलोक पांडे, सुमित कौशिक, विकास नागदेव, अखिलेश जायसवाल, विकास जायसवाल, सत्यम जयसवाल, रामचरण साहू, शिव प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, तुषार साहू, आदित्य तिवारी, नरेंद्र सिंह ठाकुर, चंदन देवांगन, अजय केवट, सोमू राजपूत, राजू तोमर, रोहित नानक राजपूत, सुशील जायसवाल, आर्यन गुप्ता, शुभम यादव, विकास सोनी, अजीत कुमार, गोकुल कुर्रे और अशोक दीवान जैसे कई नाम शामिल रहे।

# बालको के 'निक्षय मित्र' पहल की हुई सराहना, टीबी जागरूकता को मिला बढ़ावा



**कोरबा- बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व टीबी दिवस पर बालको और जिला स्वास्थ्य विभाग ने कंपनी के कर्मचारी (स्वयंसेवक) 'निक्षय मित्रों' को उनके निरंतर सहयोग के लिए सम्मानित किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' में सहयोग देने के उद्देश्य से बालको ने अपनी सामुदायिक विकास परियोजना आरोग्य के अंतर्गत कोरबा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर 2023 में निक्षय मित्र पहल शुरू की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला स्वास्थ्य विभाग ने कंपनी द्वारा उचित आहार सेवन और पोषण सुनिश्चित करने वाले इस अभियान के लिए बालको की सराहना की है। निक्षय मित्र पहल में बालको के कर्मचारी, 6 महीने तक टीबी मरीजों की स्वैच्छिक मदद करते हुए उन्हें पोषण आहार बास्केट की सहायता प्रदान करते हैं। टीबी पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य सुधार में उचित पोषण की अहम भूमिका होती है। संतुलित आहार से रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा स्वास्थ्य बेहतर होता है जिससे टीबी की दवाइयों का असर भी बढ़ता है। निक्षय मित्र के तहत कंपनी के 25 कर्मचारियों ने समुदाय में 33 टीबी मरीज को पोषण आहार की आर्थिक मदद की है। इस दौरान लगभग 90 फीसदी मरीज ठीक हो चुके हैं और बाकी मरीज के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। टीबी के मरीजों ने अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आभार जताया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जागरूकता कार्यक्रम से समुदाय में टीबी रोग के रोकथाम और पहचान करने में आसानी हुई है। समुदाय के स्वास्थ्य की देखभाल को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। बालको के टीबी मुक्त अभियान की सराहना करते हुए कोरबा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी ने कि हमें कोरबा को टीबी मुक्त जिला बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी जागरूक सदस्य समुदाय में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा करके जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें। प्रशिक्षण में मिली जानकारी से सदस्य समुदाय में टीबी रोग पर फैली भ्रांतियों को दूर करने का काम करें। उन्होंने कहा कि लक्षण दिखने पर घबराएं नहीं बल्कि जांच करवाएं । इस तरह के कार्यक्रम कंपनी द्वारा समुदाय के स्वास्थ्य एवं भलाई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अभियान के दौरान स्लोगन लेखन और समुदाय में विभिन्न घर पर जागरूकता संदेश के साथ चित्रकारी भी की। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी ने स्थानीय स्वास्थ्य निकायों (महिला आरोग्य समिति और ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति) के 97 फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को टीबी जागरूकता, पहचान, कारण, संपर्क ट्रेसिंग, रेफरल उपचार आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया है। सभी प्रशिक्षित टीबी लीडर ने 70 से अधिक जागरूकता सत्र आयोजित किए और 1000 से अधिक समुदाय के सदस्यों को जागरूक किया।

## संक्षिप्त समाचार

### फॉलो वाहन की ठोकर से अधेड़ महिला की मौत

**अंबिकापुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के सरगुजा प्रवास के दौरान मैनपाट के उल्टापानी में उनकी सुरक्षा में लगी फॉलो वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल 55 वर्षीया महिला की अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है. मृतक महिला का नाम सुन्नी मझवार पति नान साय मझवार बताया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा की स्थिति बन गई जिसके बाद जिला प्रशासन व पुलिस की भारी व्यवस्था लगा दी गई है ताकि कोई विवाद की स्थिति ना बन सके. वही मृतक के परिजनों का आरोप है कि मृतक महिला की मौत के बाद भी उसको आईसीयू से बाहर नहीं निकाला गया और उनके साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सकों ने दुर्व्यवहार किया है. परिजन मुआवजा की मांग कर रहे हैं. दरअसल 27 मार्च को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय सरगुजा प्रवास के दौरे के तहत कल 27 मार्च को वे मैनपाट में पहुंचे जहां उल्टा पानी क्षेत्र का भ्रमण करने के पश्चात जब उनका काफिला निकाल इसी दौरान उनके काफिले के सातवें नम्बर की गाड़ी की चपेट में एक 55 वर्षीय महिला आ गई जिससे उसे गंभीर चोटें आई. घायल महिला को रात में ही मेडिकल कॉलेज अबिकापुर में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक महिला के परिजनों का आरोप है कि रात में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा उसे जबरदस्ती ही आईसीयू में रखा गया था और इलाज के नाम पर उन्हें डेड बॉडी नहीं दी जा रही थी. मृतकक परिजनों का यह भी कहना है कि चिकित्सकों ने उनके साथ ना सिर्फ दुर्व्यवहार किया बल्कि कागजात में दस्तक करने का दबाव भी बनाया गया और कहां गया था कि पोस्टमार्टम करने के बाद चुपचाप अपने गांव डेडबडी को लेकर चलें जाएं.

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**भाटापारा(विश्व परिवार)।** थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा धारदार चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा चाकू बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति संत रविदास भाटापारा में अपने हाथ में बांस काटने का एक धारदार चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी राहुल उम्र 27 साल निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### लखपति दीदी ममता मंडल के जीवन की प्रेरणादायक यात्रा

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** यह कहानी ममता मंडल की है, जिन्होंने कठिनाइयों का सामना करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया और बिहान कार्यक्रम से जुड़कर अपने परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। ममता मंडल का विवाह 2003 में हुआ, जिसके बाद वह जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड के आस्ता ग्राम पंचायत में आ गईं। उनके पति साधारण कार्य करते थे और दोनों एक किराए के छोटे घर में रहते थे। ममता की शिक्षा आठवीं तक हुई थी, लेकिन वह अपने जीवन में कुछ बड़ा करना चाहती थीं। 2018 में ममता ने सीआरपी चक्र के दौरान बिहान कार्यक्रम के तहत शिव शक्ति स्वयं-सहायता समूह से जुड़कर अपनी आर्थिक स्वतंत्रता की यात्रा शुरू की। शुरुआत में उन्होंने 10-20 रुपये की बचत करनी शुरू की। धीरे-धीरे उनकी बचत राशि 50 से 100 रुपये हो गई, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और वह समूह की नेतृत्वकर्ता बन गईं। 2019 में ममता ने 60 हजार का ऋण लेकर कपड़ों की दुकान शुरू की। उनकी मेहनत रंग लाई, और व्यापार में मुनाफा होने लगा। उनकी नेतृत्व क्षमता को पहचानते हुए उन्हें भारत माता ग्राम संगठन की अध्यक्ष चुना गया। व्यापार से होने वाली आय से उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा में निवेश किया, जिससे दोनों बेटों ने ग्रैजुएशन पूरा किया। अपने आर्थिक हालात को और मजबूत करने के लिए ममता ने ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जशपुर से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लिया और इसे अतिरिक्त आय स्रोत बनाया। उनका बेटा शौरभ भी ड्राइविंग का प्रशिक्षण लेकर दूसरों की गाड़ियाँ चलाने लगा। 2022 में ममता ने खुद की एक अर्टिगा कार खरीदी और इसे किराए पर चलवाकर अच्छा लाभ कमाने लगीं। नियमित रूप से ऋण चुकाते हुए उन्होंने 2023 में एक पिकअप वाहन भी खरीदा, जिससे उनकी आय और बढ़ गई। ममता के पति कृष्णा चंद्र मंडल मधुमेह से पीड़ित हैं, लेकिन वह उनका पूरा ध्यान रखती हैं। अब वह अपने बेटे के विवाह के लिए बहू की तलाश कर रही हैं और योजना बना रही हैं कि उसे भी बिहान समूह में जोड़कर आत्मनिर्भर बनाएँगी।

## संपादकीय

## अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी.......

लंबे इंतजार के बाद आखिर, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर वापिस आ गए। दोनों एस्ट्रोनॉट जून में केवल आठ दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर गए थे मगर धरती पर वापस लाने वाले वाले यान के खराब होने के कारण नौ महीनों बाद वापसी संभव हुई। स्पेसएक्स एलन मस्क की कंपनी है, जिसका ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तटीय समुद्र में उन्हें लेकर सत्रह घंटों में सुरक्षित गिराया गया। नासा की लाइव तस्वीरों द्वारा दुनिया भर में बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने अंतरिक्ष यात्रियों को देखा। अंतरिक्ष में तकरीबन 286 दिन बिताने वाले इन यात्रियों ने प्रति दिन सोलह बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखा। जांच के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। हालांकि वे कुछ समय के लिए रिकवरीशिप में रहेंगे। उसके बाद परिवार से मिलने की इजाजत दी जाएगी। फिर वे अपने अनुभव विशेषज्ञों से बांटेंगे और लंबी छुट्टी पर चले जाएंगे। अंतरिक्ष में रहने का वक्त अधिकतम छह माह माना गया है, मगर सुनीता और बुच को नौ माह रहना पड़ा जिसका शरीर पर गहरा असर होता है। गुरुत्वाकर्षण शून्य होने के कारण खून का प्रवाह प्रभावित होता है और हड्डियां/मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं। हालांकि यह धरती के वातावरण में आते ही प्राकृतिक रूप से सामान्य होता जाएगा। इसका मानसिक सेहत पर भी गहरा असर हो सकता है क्योंकि बार-बार यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीदें नाममात्र रहने ने इन्हें बुरी तरह अवश्य प्रभावित किया होगा। नासा ने बाताया कि इस दरम्यान विलियम्स ने 150 वैज्ञानिक प्रयोग किए और नौ सौ घंटे रिसर्च में बिताए जो अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। अंतरिक्ष में मैराथन दौडऩे वाली पहली अंतरिक्ष यात्री रहीं विलियम्स अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान बासठ घंटों से ज्यादा का स्पेस वॉक कर चुकी हैं। उनके पिता भारतीय हैं, इसलिए सुनीता के सुरक्षित लौटने को लेकर भारतवासी चिंतित थे। उन्होंने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए। अंतरिक्ष में समोसे और गीता-उपनिषद ले जाने की बात कर विलियम्स ने भारतीयों में और भी अपनायित पैदा कर दी थी। इसका बड़ा श्रेय तो मस्क को ही जाता है। हालांकि उन्होंने इसे अमेरिकी चुनावों में राजनीतिक जंग के तौर पर इस्तेमाल किया था। बहरहाल, अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी ने दुनिया भर में मुस्कुराहट फैलाने का काम किया है।

**पावन स्मरण / प्रथम पुण्यतिथि पर विशेष**

## मीठी कलम के अनथके योद्धा श्रद्धेय चाचाजी स्व. पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा

हरदिल अजीज, मीठी कलम के अनथके योद्धा और हमारे मार्गदर्शक पूज्यनीय चाचाजी, आदरणीय स्वर्गीय पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा जी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए, उनके प्रति शत-शत नमन । स्व. पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा जी प्रदेशीय और राष्ट्रीय स्तर के सर्वप्रिय पत्रकार रहे । उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में आधी शताब्दी तक अपनी निष्पक्ष और ओजस्वी लेखनी से समाज को दिशा दी । उनके जीवन का हर एक क्षण सत्य के अनुसंधान और निर्भीक पत्रकारिता को समर्पित रहा । प्रारंभिक समय में जब वे पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्यरत थे, उन्होंने पत्रकारिता के महान पुरोधा के. विक्रम राव जी श्रमजीव पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री कैलाश चंद्र जैन एवं हसीब सिद्दीकी साहब से गहरी निकटता स्थापित की और उनसे बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया । उनकी लेखनी में सत्य के प्रति निष्ठा और मानवीय संवेदनाओं की गहराई थी । वे न केवल पत्रकारिता धर्म के सच्चे पुजारी थे, बल्कि नवोदित पत्रकारों के प्रेरणास्रोत भी रहे । उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से समाज की संवेदनाओं को अभिव्यक्त किया और अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया । उनकी लेखनी कभी किसी के स्वाभिमान को ठेस नहीं पहुंचाती थी, बल्कि समाज में सद्भावना और सच्चाई का संचार करती थी ।



चाचाजी एक ऐसे व्यक्तित्व थे जो मनुष्य की परिस्थितिजन्य कमजोरियों को समझते थे और अपने व्यवहार में करुणा और संवेदनशीलता का परिचय देते थे । वे सदैव दूसरों के सुख-दुख को आत्मसात कर लेते थे और अपने आसपास के लोगों को अपने स्नेहिल व्यवहार से जोड़कर रखते थे। उन्होंने उत्पीड़ितों को सदा सहारा दिया और हर स्थिति में न्याय एवं नैतिकता का पक्ष लिया ।

आज उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर जब हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं, तब उनकी प्रेरणादायक स्मृतियां हमें आगे बढ़ने की राह दिखा रही हैं । वे केवल हमारे चाचा ही नहीं थे, बल्कि संरक्षक और मार्गदर्शक भी थे । उनका स्नेह, उनकी शिक्षा और उनका आदर्श हमारे जीवन का अभिन्न अंग बने रहेंगे ।

हम और हमारे परिवार जनों की ओर से उनके पावन स्मरण में कोटि-कोटि प्रणाम ।

-सिद्धार्थ शर्मा

## सम्माननीय शर्मा जी -शत..शत नमन....

निर्भीकता, सजगता एवं सकारात्मकता की गहरी सोच के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में लगभग 5 दशकों तक अपनी सेवाएं समर्पित करने वाले दैनिक विश्व परिवार के ललितपुर जनपद से संवाददाता पंडित सुरेश नारायण शर्मा जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर यह आलेख उनके भतीजे श्री सिद्धार्थ शर्मा द्वारा लिखित है

श्री शर्मा जी की लेखनी की विशेषता यही थी कि वे नकारात्मक बात को भी सकारात्मक रूप में प्रस्तुत कर जनहित में किए जाने वाले कार्यों के लिए अपने कलम चलाते थे ।

शर्मा जी की सकारात्मक सोच ने उन्हें जन-जन में लोकप्रिय पत्रकार बना दिया था । उत्तर प्रदेश सरकार से लगभग 45 वर्षों तक अधिमान संवाददाता के रूप में कार्यरत रहे । यह प्रेस क्लब ललितपुर के संरक्षक भी रहे ।

उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर दैनिक विश्व परिवार परिवार उनके चरणों में विनियांजलि अर्पित करता है एवं सभी परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है ।

**-प्रदीप कुमार जैन**
**संपादक**
**दैनिक विश्व परिवार**

# सीरिया में गृह युद्ध की आशंका बढ़ी

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक हिंसा, चरमपंथ, आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप सीरिया की प्रमुख समस्या रही हैं, और लगता है कि असद के पतन के बाद भी मध्य-पूर्व के इस देश में शांति लौटती हुई दिखाई नहीं दे रही है। असद के समर्थकों को मोहम्मद अल-जुलानी पर भरोसा नहीं है, और उनकी आशंका सच भी साबित हुई है। अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के हजारों लोगों को मार दिया गया है। ऐसे तथ्य सामने आए हैं कि हयात तहरीर अल-शाम के सुरक्षा बलों को पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों से लडऩे के लिए भेजा गया है। सीरियाई सुरक्षा बलों द्वारा सीरियाई तट के गांवों और इलाके के लोगों की हत्या, कब्जा और यातना के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिन्हें लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी चिंता जताई जा रही है। सीरिया की अंतरिम सरकार ने देश के तटीय इलाकों लताकिया और टार्टस में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। लताकिया में अलावाइट्स, सुन्नी मुस्लिम और ईसाई जैसे जातीय और धार्मिक समूह रहते हैं। लाताकिया सीरिया का अलावाइट बहुल क्षेत्र है, और यहां अलावाइट समुदाय का विशेष प्रभाव है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। यह इलाका बशर अल-असद का प्रमुख गढ़ माना जाता है। देश के तटीय इलाकों में अलावी और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय पर सुरक्षा बलों के हमलों का असर देश के दूसरे कई इलाकों पर पड़ रहा है, और इससे तनाव गहरा गया है। मोहम्मद अल-जुलानी देश में बाहरी हस्तक्षेप रोकने की बात कह रहे थे लेकिन उनके कदम ठीक इससे उलट दिखाई दे रहे हैं। सीरिया की सरकार ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पेशेवर सेना तैयार करने के लिए देश के सशस्त्र बलों में उइगर, जॉर्डनियन और तुर्क सहित कुछ विदेशी लड़ाकों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उनका यह कदम अन्य जातीय-धार्मिक समूहों के लिए विचलित करने वाला है। जुलानी का आईएस से गहरा संबंध रहा है, और दुनिया के इस सबसे दुर्दात आतंकी संगठन का किसी देश में सीमा पर कोई विश्वास नहीं है, आईएस को विदेशी लड़ाकों की सुस्थापित सैन्य इकाई माना जाता है। जुलानी ने आईएस से अलग होकर ही हयात तहरीर अल-शाम नामक गुट बनाया था और वे खुद को उदार नेता के रूप में प्रस्तुत कर सीरिया के कई जातीय समूहों का विश्वास जीतने में सफल भी हो सके। लेकिन अब जब देश की कमान उनके हाथ में आई तो उन्हें लेकर आशंकाएं भी कम नहीं हैं। एचटीएस की स्थापना 2011 में एक अलग नाम, जबात अल-नुसरा के तहत अल-कायदा के प्रत्यक्ष सहयोगी के रूप में की गई थी। स्वयंभू इस्लामिक स्टेट का नेता अबू बक्र अल-बगदादी भी इसके गठन में शामिल था। अल-जुलानी ने सार्वजनिक रूप से अल कायदा और इस्लामिक स्टेट से नाता तोड़ लिया है, लेकिन वे सुन्नी मुसलमान हैं, जो खलीफाओं के प्रभुत्व को स्वीकार करते हैं। खलीफा अरबी भाषा में ऐसे शासक को कहते हैं, जो किसी इस्लामी राज्य या अन्य शरिया से चलने वाली राजकीय व्यवस्था का शासक हो। यह इस्लाम की पारंपरिक और प्राचीन विचारधारा है, जिस पर बहुसंख्यक सुन्नी भरोसा करते हैं। दुनिया में आईएस के उभार के केंद्र में इस विचारधारा को रखा गया जब एक दशक पहले इस्लामी चरमपंथी संगठन आईएस ने इराक और सीरिया में अपने कब्जे वाले इलाकों में खिलाफत यानी इस्लामी राज्य का ऐलान किया। शिया मुसलमान इतिहास की इस व्याख्या को स्वीकार नहीं करते। असद के जाने के बाद शिया गहरे दबाव में हैं। अलावी, इस्माइलिस और अन्य शिया सीरिया की आबादी का करीब तेरह फीसद हिस्सा हैं। बशर अल-असद सरकार के पतन से पहले उनकी शासन व्यवस्था में सकारात्मक स्थिति मौजूद थी। हयात अल-शाम को सुन्नियों का संगठन माना जाता है, यदि इस विद्रोही संगठन ने शियाओं को निशाना बनाने की कोशिश की तो सीरिया में ईरान और तुर्की के हित भी टकराएंगे। सीरिया में तुर्की ईरान की जगह ले सकता है। सीरिया की बाईस मिलियन आबादी में से दसवां हिस्सा ईसाइयों का है। रूस खुद को बीजान्टिन साम्राज्य और उसकी रूढ़िवादी ईसाई धार्मिक विरासत के प्राकृतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखता है, जो सीरियाई रूढ़िवादी ईसाई चर्च से बहुत जुड़ा हुआ है। वहीं अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए भी रूस सीरिया में बने रहना चाहता है, जिससे वह पूर्वी भूमध्य सागर, दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका तक अपनी मौजूदगी को बढ़ा सके। भूमध्य सागर में रूस की रणनीति तीन प्रमुख लक्ष्यों पर केंद्रित है, भूमध्य सागर की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठा कर अपनी सुरक्षा में सुधार करना, भूमध्य सागर में अपनी स्थिति का उपयोग करके अमेरिका के लिए एक वैकल्पिक विश्व शक्ति के रूप में रूस की स्थिति को बढ़ाना और सीरिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना। रूस का काला सागर बेड़े के लिए एकमात्र भूमध्यसागरीय नौसैनिक अड्डा सीरिया के बंदरगाह शहर टार्टस में स्थित है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। अब अलावी समुदाय के लोग रूस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। सीरिया में रूस, तुर्की, ईरान, सऊदी अरब और अमेरिका का गहरा दखल है। तुर्की सीरिया की वर्तमान सुन्नी सरकार को समर्थन देकर कुदरे पर दबाव बढ़ा रहा है। सीरिया में तुर्की की प्राथमिक रुचि उत्तरी सीरिया में कुर्द समूहों से लडऩे के लिए एक बफर जोन और एक पुलहेड बनाने की रही है। उत्तरी सीरिया के कुर्द बल में कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स मिलीशिया का दबदबा है। तुर्की इसे अपनी सीमा पर मौजूद खतरे की तरह देखता है। तुर्की कुदरे के एक हिस्से को आतंकवादी समूह बताता है। असद को ईरान का समर्थन हासिल था लेकिन अब तुर्की समर्थक सरकार बनने से मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। मोहम्मद अल-जुलानी को अपने देश में शांति की स्थापना के लिए विदेशी हस्तक्षेप को रोकना होगा और सभी वगरे से बातचीत कर सर्वमान्य सरकार बनाना होगा। फिलहाल, जुलानी आर्दोआन के हितों को आगे बढ़ा रहे हैं, और यह स्थिति सीरिया में गृह युद्ध की आशंका को बढ़ा रही है।



राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक हिंसा, चरमपंथ, आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप सीरिया की प्रमुख समस्या रही हैं, और लगता है कि असद के पतन के बाद भी मध्य-पूर्व के इस देश में शांति लौटती हुई दिखाई नहीं दे रही है। असद के समर्थकों को मोहम्मद अल-जुलानी पर भरोसा नहीं है, और उनकी आशंका सच भी साबित हुई है। अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के हजारों लोगों को मार दिया गया है। ऐसे तथ्य सामने आए हैं कि हयात तहरीर अल-शाम के सुरक्षा बलों को पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों से लडऩे के लिए भेजा गया है।

# देश में जलवायु परिवर्तन-नई नीति की दरकार

राकेश दुबे

और भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में भी एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बोआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा। लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खास तौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बोआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी। पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।



# मी लॉर्ड, इंसाफ दिखना भी चाहिए

शेखर कुमार

सुकरात ने प्लूटो के साथ अपने ऐतिहासिक संवाद में एक गजब की बात कही थी- 'न्याय एक ऐसी भलाई है, जो व्यक्ति और राजनीति, दोनों के समृद्ध विकास के लिए जरूरी है।' दुनिया के न्यायविद् सदियों से समूचे एहतराम के साथ इसे अपना ध्येय वाक्य मानते आए हैं। पिछले दिनों दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के यहां आग लगने के बाद बड़ी संख्या में नोटों के बंडल जल जाने की खबर उड़ी, जिसने इंसाफ के पुजारियों के साथ देश के अवाम को भौचक्का कर दिया। हालांकि, अभी तक ऐसा कोई प्रमाण सामने नहीं आया है, जो साबित कर सके कि वहां धनराशि मिली या नहीं? अगर नोटों की गड्डियां मिलीं, तो वे कितनी थीं? शायद यह मामला दब गया होता, अगर मीडिया में इसकी खबर न उछली होती। इसी के बाद एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष जोरदार तर्कों के साथ मामला उठाया। यह सब चल ही रहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण की खबर आई। साथ ही, यह भी मालूम पड़ा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को अपनी रिपोर्ट शाम तक सौंपने को कहा है। कहा जा रहा कि रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीन जजों की एक कमिटी बनाई है। इस कमिटी में अलग-अलग हाईकोर्ट के जजों को शामिल किया गया है। फिलहाल न्यायमूर्ति वर्मा को न्यायिक कार्यों से दूर रखा गया है। अच्छा होगा कि आला अदालत जल्द से जल्द अपनी राय से देश की जनता को अवगत करा दे, क्योंकि जितने मुंह, उतनी बातों का दौर किसी भी स्वस्थ न्यायपालिका पर आम आदमी के भरोसे के लिए भला नहीं। इसी बीच शुक्रवार को खबरों की दुनिया में यह भी तैरने लगा कि दिल्ली के दमकल विभाग ने उन समाचारों का खंडन किया है कि उन्हें वहां किसी भी तरह के नोटों का कोई बंडल मिला। इसने आग में घी का काम किया। टेलीविजन पर लाइव डिबेट के प्रतिभागी और सोशल मीडिया के हरकारे दाल में काला खोजने में जुट पड़े थे। इसी दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने भी सुप्रीम कोर्ट को दरख्वास्त भेज दी कि इस जज को भला हमारे यहां क्यों भेज रहे हैं? इलाहाबाद हाईकोर्ट कूड़ादान नहीं है। मामला भड़क रहा था कि दमकल विभाग की ओर से आग को और हवा मिल गई। उसका कहना था, हमने इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है। आशंकाशास्त्रियों को इससे दोबारा मौका मिल गया। वे कहने लगे कि इस सारे मामले की रंगाई-पुताई की कोशिश की जा रही है। कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तो इस दौरान बेहद कड़े शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम सिस्टम इसलिए ईजाद किया गया था कि न्यायमूर्तिगणों को विशिष्ट दर्जा हासिल हो, ताकि उन्हें किसी भी तरह से बेवजह प्रताड़ित न किया जा सके। उन पर आरोप लगने पर सुप्रीम कोर्ट के पास ही जांच का हक हो। तमाम वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इस कथित घटना के हवाले से कॉलेजियम और उसके औचित्य पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए। उनका तर्क था कि यदि किसी नौकरशाह, पत्रकार, नेता अथवा वकील के यहां इतनी 'राशि' मिलती, तो सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी के अधिकारी उसे धर दबोचते। यदि वह राजकीय कर्मचारी होता, तो केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) सक्रिय हो चुकी होती और पुलिस की आर्थिक अपराध शाखाएं भी उस पर टूट पड़तीं। आनन-फानन में गिरफ्तारी होती और उसके बाद उस शख्स को लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना होता। न्यायमूर्तियों को मिले हुए विशेष अधिकार से वे इन झंझटों से बच जाते हैं। यहां वेदनापूर्वक जस्टिस निर्मल यादव के मामले को भी याद किया गया। निर्मल यादव पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में न्यायाधीश थीं। उन पर 15 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप था। इस पर जांच बैठी। सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की, मामला डेढ़ दशक से अधिक तक खिंचा, लेकिन निर्मल यादव का कुछ नहीं हुआ। जिस देश में आम लोग शक की बिना पर गिरफ्तार कर लिए जाते हों और सालोंसाल उनसे अदालतें यह उम्मीद करती हों कि वे अपनी निर्दोषिता साबित करें, वहां इस तरह के मामले चौंका जाते हैं। दुर्भाग्य से न्यायमूर्ति वर्मा या निर्मल यादव अकेले नहीं हैं। कई न्यायमूर्तियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, कुछ पर साबित हुए, तो कुछ पर नहीं। हर बार यह मामला उठा कि न्यायाधीशों का विशेषाधिकार न्याय के रास्ते में रोड़ा बनता है। हालांकि, निजी तौर पर मैं मानता हूं कि न्यायमूर्तियों को विशेषाधिकार हासिल होना चाहिए, ताकि वे देश की जनता की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें। इसमें कोई शक नहीं है कि अधिकांश न्यायमूर्ति यही कर रहे हैं। इसके बावजूद कुछ लोगों की कथनी या करनी न्यायपालिका को लांछित करती रहती है। कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमित्र सेन का मामला भी ऐसा ही था। सेन पर भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित हुए और उनके खिलाफ संसद द्वारा महाभियोग की कार्रवाई पूरी हो पाती, इससे पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। क्या इतना पर्याप्त था? निर्मल यादव अथवा सौमित्र सेन किसी अन्य पेशे में होते, तो क्या आरोप सिद्ध होने या चार्जशीट दाखिल होने में इतनी देरी लगती? क्या वे लंबे समय के लिए सलाखों के पीछे जाने से बच पाते? यहां न्यायमूर्ति वी रामास्वामी का मामला याद दिलाना चाहूंगा। वह जब हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, तब उन्होंने अपने बंगले के कालीन और परदों पर प्राधिकार से आगे जाकर खर्च कर दिया। इस पर हल्ला मचा, तो सुप्रीम कोर्ट ने इसका संज्ञान लिया। लोग आज भी फख्र से याद करते हैं कि तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सब्यसाची मुखर्जी ने खुली अदालत में जो कहा, वह इतिहास बन गया। उनके आदेश से न्यायमूर्ति रामास्वामी न्यायिक कार्य से विरत कर दिए गए थे। वह पद पर रहते हुए भी कोई आदेश पारित नहीं कर सकते थे और न किसी सुनवाई में दखल दे सकते थे। जांच पूरी होने तक उन्हें महीनों ऐसे ही गुजारने पड़े। मैं अपनी उम्मीद को बनाए रखना चाहता हूं। ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमारे सहयोगी प्रकाशन हिन्दुस्तान टाइम्स ने अपनी वेबसाइट पर शनिवार को यह खबर शाया की कि देश के प्रधान न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपने सहयोगी न्यायाधीशों को दिलासा दिया है कि जस्टिस वर्मा का स्थानांतरण भर पर्याप्त नहीं है।

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर/धर्म समाज/देश

रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## इंदौर में श्रुतसंवेगी श्रमण आदित्यसागर जी महाराज की आशीष छांव में 2 दिवसिय जैन आयकॉन अवॉर्ड-2025 का आयोजन




**इंदौर (विश्व परिवार)।** श्रुतसंवेगी महाश्रमण आदित्यसागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा की जिनशासन की प्रभावना का उत्कृष्ट कार्य करनेवाले युवाओं को प्रेरित करना जैन आयकॉन अवॉर्ड का उद्देश है।

श्री आकाश जैन भैया जी ने बताया की विशुद्ध कुल गौरव श्रुतसंवेगी श्रमण श्री आदित्यसागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में इंदोर में जैन आयकॉन अवॉर्ड- 2025 का आयोजन किया गया। 29 मार्च और 30 मार्च 2025 इन दो दिनों में कुल। सत्र संपन्न हुये।

29 मार्च 2025 को प्रात: 6:45 बजे से महोत्सव का आगाज हुआ। विशेष सान्निध्य- पूज्य श्रुतसंवेगी महाश्रमण ससंघ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- श्री सौरव और मेघना जैन (डिजिटल मार्केटर) का उद्बोधन हुआ।

डॉ. रागिनी मक्कड़ (Indias Got Talent Season 5 Winner) की दो प्रस्तुतियां हुई। Creators & Influencers द्वारा आदित्यसागर महाराज जी के सामने श्रीफल भेंट किया गया।

श्रुतसंवेगी महाश्रमण श्री आदित्यसागर जी मुनिराज के प्रवचन हुये। सौरव-मेघना जैन (मुख्य अतिथि, डिजिटल मार्केटर) के द्वारा How to grow on social media Workshop मार्गदर्शन किया गया। Timeless Bahubali (लघु फ़िल्म) का प्रदर्शन। Spiritual Games With Creators & इनफ्लूएन्सर और कु. इशिका जैन के द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। मुनिश्री के साथ Creators & Influencers का संवाद, श्रुत समाधान हुआ।सिंगर ऋतिक जैन की अद्भुत प्रस्तुति। रात्रि में Lagacy Of Mahaveer Movie का प्रदर्शन हुआ।

रविवार 30 मार्च 2025 को प्रात: 09 बजे से 12 बजे तक मुख्य अतिथि- सौरव जैन, पलाश-चाहत छिपानी (सोशल मीडिया कोच) वर्कशॉप हुआ। कु. नैनिका कासलीवाल (भरतनाट्यम परफॉर्मर-कोरियोग्राफर) द्वारा नृत्य प्रस्तुति हुई। Spiritual Short Film Competition के विजेताओं की घोषणा करके 10 विजेताओं को 51000 से 11000 तक की राशी, ट्रॉफी और सन्मान पत्र देकर सन्मानीत किया गया।

दोपहर 3 बजे से शाम को 06 बजे तक( विशेष- सान्निध्य- पूज्य श्रुतसंवेगी महाश्रमण ससंघ सानिध्य में इनफ्लूएन्सर्स का सम्मान किया गया। सिंगर साना जैन, इंदौर ( सा रे गा मा, Sony TV फेम) की प्रस्तुती हुई।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## बड़े बाबा के बड़े दरबार में आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के कर कमलों से प्रथम बार 12 ऐलक दीक्षाएं सम्पन्न हुई






**कुंडलपुर दमोह (विश्व परिवार)।** युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य परंपराचार्य विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के कर कमलो से प्रथम बार सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में बड़े बाबा के बड़े दरबार में बड़े बाबा मंदिर परिसर में एक भव्य समारोह में 12 ऐलक दीक्षाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज द्वारा पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के कुछ संस्मरण सुनाते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई। चित्र अनावरण अमिताभ जी, अशोक चांवल, चंद्र कुमार सराफ अध्यक्ष कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी, वीरेश सेठ, संतोष सिंघई, इंजी. आरके जैन महामंत्री आदि ने किया।दीप का दीपन कंवरलाल अशोक पाटनी आरके मार्बल परिवार द्वारा किया गया। आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन अभय बनगांव परिवार द्वारा किया गया।शास्त्र अर्पण भामाशाह पाटनी परिवार ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर जी महाराज ने कहा आज वह दिन सबके समक्ष उपस्थित हुआ है आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के द्वारा बड़े बाबा जी जो छोटे बाबा के आराध्य हैं जिनके पादमूल में यह दीक्षा कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।आचार्य श्री ने भी बड़े बाबा के पादमूल में क्षुल्लक, ऐलक, आर्यिका दीक्षाएं दी थी उसी का अनुसरण करते हुए नववर्ष पर आचार्य श्री समयसागर जी आज दीक्षा प्रदान कर रहे हैं। सभी प्रतीक्षारत हैं कौन सा दृश्य उपस्थित हो रहा है, कौन सी दीक्षा होने जा रही है। अब क्षुल्लक जी नए स्वरूप में आएंगे आप देखेंगे।इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने दीक्षा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा सन 2022 में बड़े बाबा के पंचकल्याणक गजरथ महामहोत्सव के पावन अवसर पर गुरुदेव ने क्षुल्लक दीक्षाएं प्रदान की थी। उनकी भावना काफी दिन से थी उनकी भावना को ध्यान रखते आचार्य श्री के आदेश संकेत का पालन करते हुए पवित्र पावन क्षेत्र कुंडलपुर में वह दृश्य आपके सामने आ रहा है। मेरी दीक्षा भी इसी क्रम से गुरुदेव ने प्रदान की थी।समय-समय पर योग्यता सामर्थ अनुसार मार्ग प्रदान किया जाता है। अभी 11 प्रतिमाएं यथावत है उनके पास जो गुरुदेव ने प्रदान की थी। क्षुल्लक के उपरांत ऐलक पद आता है।अभी तक दुपट्टा का उपयोग करते थे अब करपात्री बनेंगे अब आज से ऐलक पद पर रहेंगे। थोड़ा और समय उन्हें साधना के लिए दिया जा रहा है।अब दुपट्टा उतार कर कायोत्सर्ग कर दुपट्टे का प्रयोग नहीं करेंगे। मृदु वस्त्र के माध्यम से परिमार्जन करते थे।अब उनके हाथ में पिच्छिका संयोपकरण प्रदान किया जाएगा। अभी तक कटोरा लेकर आहार लेते थे अब कर पात्र में आहार लेंगे। अब ऐलक बनने के बाद नियम पूर्वक केशलोंच करेंगे।जो नाम गुरुदेव ने प्रदान किए थे वही नाम उनके रहेंगे।12 ऐलक महाराज को आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के करकमलों से संयम उपकरण पिच्छिका प्रदान की गई।अब संयम उपकरण पिच्छिका से ही सभी परिमार्जन करेंगे।जिन क्षुल्लक महाराज को ऐलक दीक्षा प्रदान की गई उनके नाम क्रमश: ऐलक श्री औचित्यसागर जी, ऐलक श्री गहनसागर जी, ऐलक श्री कैवल्यसागर जी, ऐलक श्री सुदृढ़सागर जी, ऐलक श्री समुचित सागर जी, ऐलक श्री उचितसागर जी, ऐलक श्री अथाहसागर जी, ऐलक श्री उत्साहसागर जी, ऐलक श्री अमाप सागर जी, ऐलक श्री उद्यमसागर जी, ऐलक श्री गरिष्ठसागर जी, ऐलक श्री गौरवसागर जी महाराज। पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभयसागर जी महाराज ससंघ सहित आचार्य संघ मंच पर विराजमान था। वाणीभूषण ब्रह्मचारी विनयभैया, ब्रह्मचारी संजीवभैया बड़ीसंख्या में भैयाजी एवं दीदीजी की उपस्थिति थी।इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने देश के कोने-कोने से उपस्थित होकर दीक्षा कार्यक्रम के साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। **-जय कुमार जलज**

## ब्रह्मचारिणी जय श्री दीदी की निकाली गई भव्य बिनौली शोभायात्रा




**जतारा (विश्व परिवार)।** बुंदेलखंड की पावन धरा, परम पूज्य आचार्य गुरुवर 108 श्री विमर्श सागर जी महा मुनिराज की जन्म नगरी श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा में बीती रात ब्रह्मचारिणी जय श्री दीदी की (भव्य जैनेश्वरी दीक्षा पूर्व )भव्य बिनोली शोभायात्रा निकाली गई।

भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं दिगंबर जैन समाज जतारा उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि ब्रह्मचारिणी जय श्री दीदी नगर के ही धर्मश्रेष्ठी कुंदन लाल मोदी की पुत्रवधू, निर्मल मोदी की बहु एवं विमल मोदी की धर्मपत्नी है, जो वर्तमान में छतरपुर में निवास रत थी। जय श्री को धर्म की ऐसी ललक लगी कि उन्होंने ग्रहस्थ जीवन का त्याग करने का निश्चित कर लिया और सन्यासी जीवन जीने का सपना सजोने लगी और, दिनांक 10 अप्रैल 2025 को उनका यह सपना साकार होने जा रहा है।

ब्रह्मचारिणी जय श्री दीदी, परम पूज्य भारत गौरव राष्ट्र संत 108 गणाचार्य गुरुवर श्री विराग सागर जी महा मुनिराज के पट्टाचार्य परम पूज्य आचार्य गुरुवर 108 श्री विशुद्ध सागर जी महा मुनिराज ससंघ के मंगल सानिध्य में, परम पूज्या विरागानुरागी, गुरुकुल गौरव गणिनी आर्यिका 105 विशिष्ट श्री माताजी के कर कमलों से ऊन पावागिरी सिद्ध क्षेत्र में जैनेश्वरी दीक्षा प्राप्त करेंगी। भव्य बिनोली शोभायात्रा श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा से प्रारंभ हुई, ढोल नगाड़े, डीजे के साथ आकर्षक बग्घी में सवार ब्रह्मचारिणी जय श्री दीदी की जैन समुदाय ने अपने-अपने घरों के सामने दीक्षा पूर्व गोद भराई की रस्म पूरी की। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बिनोली शोभा यात्रा श्री मंदिर जी पहुंची जहां पर जैन समाज समिति द्वारा ब्रह्मचारिणी जय श्री दीदी के पारिवारिक जनों का सम्मान भी किया गया।

दीक्षार्थी के गृहस्थ जीवन के पिता प्रेम चंद्र कुपी ने भी जीवन के अंतिम समय मे संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज से दीक्षा लेकर समाधि मरण प्राप्त किया। शोभा यात्रा में महेंद्र टानगा, पवन मोदी, सुनील बंसल, हिरदेश कोठादार, नितेश सिंघई, अभिलाषा, पूनम, वर्षा, शेफाली सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला वर्ग उपस्थित रहा।

## राज्यस्तरीय तीर्थ संरक्षण समिति में संतोष जैन पेंढारी मानद सदस्य पद पर मनोनीत



**जयपुर (विश्व परिवार)।** भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष जैन पेंढारी नागपुर को जैन अल्पसंख्यांक विकास आर्थिक महामंडल के राज्यस्तरीय तीर्थ संरक्षण तज्ञ मार्गदर्शक समिति के मानद सदस्य पद पर नियुक्ति महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी ने की हैं। महाराष्ट्र के जैन धर्मियों के प्राचीन तीर्थ क्षेत्रों का संरक्षण और संवर्धन विषयक कार्यों को मार्गदर्शन करना हैं। संतोष जैन पेंढारी मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। देशभर की अनेक सामाजिक, धार्मिक, संस्थाओं से जुड़े हैं। जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर एवं सम्पूर्ण जैन समाज की अनेक शीर्ष संस्थाओं ने संतोष जैन पेंढारी का अभिनंदन एवं स्वागत किया है, हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। संतोष जैन पेंढारी ने अपनी नियुक्ति के लिए महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी का। आभार व्यक्त किया है। **-उदयभान जैन**

## लघुकथा सच्ची पूजा



प्रदीप भोले नवरात्रि के पर्व पर मां दुर्गा, मां काली के मंदिर में दर्शन करने गए हुए थे। वहां भक्तों की भीड़ गजब की दिखाई दे रही थी। देवी दर्शन पाने के लिए धक्का मुक्की को लोग ऐसे बर्दाश्त कर रहे थे जैसे ट्रेन में सफर करते हुए हिचकोले खाते यात्री गंतव्य तक पहुंचने का आनंद लेते हैं। ऐसे माहौल में प्रदीप भोले जी ने देखा मंदिर के बाहर एक भिखारिन बुढ़ी माई बैठी थी। उसके करीब जाकर भोले जी ने पूछा - माई, तुम देवी दर्शन करने नहीं जाती हो? भोले जी का प्रश्न सुनकर माई हंसते हुए बोली- बेटा मैं एक मां हूं ,अंदर भी मां ही बैठी है। मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिन्हें तुम लोगों से मिली भीख से ही पालती पोसती हूं। यह सब अंदर बैठी मां की कृपा के बलबूते ही होता है। बेटा, जब बाहर बैठे ही वह मुझे सब दे देती है तो मुझे भीतर जाने की क्या जरूरत है?मन की आंखें खोलो तो हर ओर मां ही मां दिखेंगी। भिखारिन माई की बाहर-भीतर की बातें भोले जी के हृदय में तीर की तरह चुभ गई। उनके मन की आंखें खुल गई थीं। मंदिर के लिए सामग्री खरीदने के बजाय भोले जी ने उस बूढ़ी माई की अधिकाधिक मदद करने को ही सच्चा धर्म- कर्म समझा। उन्होंने बूढ़ी माई को जरूरत की सामग्रियां दीं और वापिस लौट चले। कुछ दूर जाकर भोले जी ने पलट कर देखा तो बूढ़ी माई उन्हें देख रही थी।वह मंदिर की ओर नहीं देख रही थी। भोले जी की आंखें श्रद्धा से झुक गई। सच्ची पूजा का मर्म उन्हें समझ में आ गया था।

**-विजय मिश्रा 'अमित'**

## जैन संस्कृति कहती है कि प्रत्येक आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**लालघाटी (विश्व परिवार)।** भारतीय संस्कृति बहुत महान संस्कृति है, जो हर आत्मा में परमात्मा होने की बात करती है, वहीं जैन संस्कृति कहती है, कि प्रत्येक आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने रविवार को संवत्सर 2082 नववर्ष को बच्चो में जैनत्व के संस्कार देते हुये श्री नंदीश्वर जिनालय जैन नगर लालघाटी भोपाल में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने चार बातें प्रकृति, विकृति, अपसंस्कृति, और संस्कृति की बात करते हुये कहा कि अच्छा प्रयोग का हमेशा अच्छा परिणाम मिलता है, तथा गलत प्रयोग के दुश्परिणाम सामने आते है, मुनि श्री ने कहा किहमारी संस्कृति कहती है कि मनुष्य जीवन बहूत दुर्लभ जीवन है जंहा थोड़े से संस्कार से नर से नारायण और अपसंस्कृति से नर से नारकी वन जाते है, आजकल का कल्चर संस्कृति के स्थान पर विक्रति और अपसंस्कृति ले चुकी है, उन्होंने कहा कि आदमी का चित्र है तो बहुत खूबसूरत, पर इसे ठीक से समझने की है जरुरत, समझ गये तो भगवान की मूरत है, नहीं समझे तो यह शैतान की सूरत है उन्होंने शिक्षा देते हुये कहा आपके पास एक कागज है तथा साथ में पेन भी है उस कागज पर आप सुंदर चित्र भी बना सकते हो और दाग धव्वे लगाकर गंदा भी कर सकते हो ?ऐसे ही आप सभी का जीवन इस कोरे कागज के समान है इसे चरित्र के माध्यम से पूज्य भी बना सकते हो तथा गंदे आचरण से इसे गंदा भी कर सकते है, जेसे चित्र बनाने के लिये स्केल और नियंत्रण की जरुरत पड़ती है, उसी प्रकार चरित्र बनाने के लिये जीवन में डिसीप्लीन की जरुरत होती है जिसका चरित्र सुंदर है, उसका जीवन पूज्य बन जाता है, लेकिन आजकल पश्चिमी सभ्यता का इतना अधिक अंधानुकरण कर रहे हो कि अपनी हर भारतीय अपनी संस्कृति को भूल पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण में लग गया है नववर्ष को छोड़कर हैप्पी न्यू इयर मनाने में लगा है आज स्थिति यह है कि बच्चों को तो छोड़ो बच्चों के पापा को भी हिंदी माह और विक्रम सम्वत की जानकारी नहीं है, लोग अंग्रेजियत के इतने गुलाम हो चुके है, कि अपनी सांस्कृतिक निष्ठा औरअपनी मूल पहचान को ही खो चुके है, उन्होंने समझाइश देते हुये कहा कि प्रत्येक नागरिक को चाहिये कि वह भारतीय भाषा का सम्मान करे अपने घर परिवार में सिर्फ मात्र भाषा का ही उपयोग करें। जंहा आवश्यक है वंही दूसरी अन्य भाषा को बोलें उन्होंने कहा कि अपने आपको सुपर सावित करने के चक्कर में हालत यह है कि कुछ लोग जो अपने आपको उच्च सोसायटी का मानते है हम लोगों के पास भी अपने बच्चों को लाते है और लेग टच करने को कहते है सोचिये आपके संस्कार कंहा जीवित रहेंगे ? **-अविनाश जैन**

## श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में बच्चों ने नवरात्रि व महावीर जन्मकल्याणक तक मोबाइल में रील न देखने का लिया संकल्प

### विमल विंग्स की श्राविकाओं ने बच्चों को जन्मकल्याणक पूजन स्नात्र महोत्सव व जीवन निर्माण की टिप्स दी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की पावन प्रेरणा से श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में विमल विंग्स की श्राविकाओं ने सौ से ज्यादा बच्चों को इस संडे जिनपुजन विधि व शान्ति कलश की विधि सिखाई। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस भौतिक युग में बच्चों का बहुतायत समय मोबाईल में रील देखने में व्यतीत होता है, बच्चों को ज्ञानवर्धक रील की समझ जरुरी है, विमल विंग्स की सदस्यों ने बच्चों को सही गलत की समझाइश दी और सैकड़ों बच्चों ने आज नवरात्र के आरम्भ से महावीर जन्मकल्याणक तक मोबाईल में रील न देखने का संकल्प लिया।

महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि जीवन को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति संडे बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन के साथ ही जीवन निर्माण के गुणों से अवगत कराया जाता है। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व योगेश बंगानी ने बताया कि आज सौ से ज्यादा बच्चों को भगवान महावीर स्वामी तीर्थंकर परमात्मा के जन्मकल्याणक निमित्ते स्नात्र महोत्सव और शान्ति कलश विधान की जानकारी देकर स्नात्र महोत्सव पूर्ण कराया गया। जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई, जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के लाभार्थी वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा परिवार हैं। भावे भावना भावीए, भावे दीजे दान, भावे जिनवर पूजिए, भावे केवल ज्ञान के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। जन्मकल्याणक जीवन निर्माण शिविर में विमल विंग्स की ममता सुराना, आयुषी, ममता तातेड़, आकांक्षा, अंकिता, ममता सांखला, श्वेता व खुशबू जैन ने भाग लिया।

## सिंधिया जी को जीव दया के क्षेत्र अपने परिवार का गौरव बढ़ाना है : मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज

### हायडोलिक ऐम्बूलेन्स को केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने झंड़ी दिखकर किया रवाना, कहा- जियो और जीने दो के सिद्धांत पर जीव दया भावना काम कर रही है

### जैन समाज ने किया केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का सम्मान




**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत खुद जियो और दूसरो को जीने दो से सारे संसार के लोगों को सुकुन और शान्ति मिलेगी परम पूज्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने दया भावना फाउण्डेशन द्वारा जो गोमाता को चिकित्सा सुविधा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज गो चिकित्सालय के माध्यम से दिलाने का संकल्प लिया है सिंधिया परिवार उसे आगे बाड़येगा और सरकार के माध्यम से गो चिकित्सालय अस्पताल के क्षेत्र में जो सहयोग होगा करेंगे मेरे जैन समाज ने अशोक नगर में गौ अस्पताल बनाने का बीड़ा उठाया है हम लोग हाय वे पर चलते हुए देखते हैं कि गौ माता कई बार बाहनो में चपेट में जातीं हैं मैं पूरे ग्वालियर चंबल संभाग में मुनिश्री के गो अस्पताल खोलने के संकल्प को पूरा करने हर तरह से तैयार हूं और आप लोगों के साथ मिलकर इस काम को आगे बढ़ायेंगे उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज में जैन समाज द्वारा आयोजित दया भावना फाउण्डेशन द्वारा गौ हायडोलिक ऐम्बूलेन्स लोकार्पण जय महावीर अभियान में विशाल सभा को सम्बोधित करते केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने व्यक्त किए।

इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज हमारे वीच केन्द्रीय संचार मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया भगवान आदिनाथ स्वामी से जियो और जीने दो का सन्देश देने वाले भगवान महावीर स्वामी तक जन्म जयंती महोत्सव पर घर घर चलों जय महावीर अभियान में शामिल होने आए हैं और उनके द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में सड़क पर घायल गायों को हाइड्रोलिक ऐम्बूलेन्स में उठाकर चिकित्सा सुविधा का लोकार्पण किया जा रहा है इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया इसमें विधायक जगन्नाथ सिंह पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एस पी विनीत कुमार जैन सहभागिता दी जिनका सम्मान कमेटी अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य संयोजक मनोज रन्नौद संयोजक मनीष सिंघई थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल मध्यांचल उपाध्यक्ष विपिन सिंघई सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी का सम्मान किया।

**हाइड्रोलिक ऐम्बुलेन्स लोकार्पण कर सिंधिया ने दिखाई हरी झंडी :** इस दौरान मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज की प्रेरणा से गौ अस्पताल के लिए कबूल चन्द्र श्रेयांस कुमार रिषभ कुमार कोरवास परिवार द्वारा प्रदत्त हाइड्रोलिक ऐम्बूलेन्स का लोकार्पण का केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया लोकार्पण कर हरि झंडी दिखाकर गन्तव्य के लिए रवाना किया इस दौरान जय महावीर अभियान से जुड़े महिला मंडलों द्वारा पीत वस्त्र श्रीफल से सम्मान किया गया इस दौरान श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला वच्चो द्वारा व बालिकाओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई।

इस दौरान राजेन्द्र कुमार गौरव कुमार कोचर राजेश कुमार राजा मनीष सिंघई परिवार कवूल चन्द्र श्रेयांस कुमार रिषभ कुमार कोरवास परिवार के साथ ही अन्य भक्तों का कमेटी की ओर से गौरव जैन टींगू मिल टिंकल जैन विवेक अमरोद सचिन एन एस सुलभ अखाई ने सम्मान किया।

**-विजय धुर्रा**

### सिंधिया जी गौ अस्पताल के क्षेत्र को प्रोत्साहित करेंगे तो मध्यप्रदेश गौ माता सुरक्षित होंगी- मुनि श्री

इस अवसर पर मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि पुण्य के उदय से सम्पदा राज वैभव मिलता है उसके रहते हुए भी आप सेवा में लग जाते हैं ये बहुत ही अच्छी भावना है ज्योतिरादित्य सिंधिया जी राजपरिवार में जन्म लेकर भी अपने पिता जी की तरह ही जनता की सेवा में अपने परिवार की गौरव मय परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं सिंधिया जी को अव गौ माता को चिकित्सा सुविधा के साथ जीव दया के क्षेत्र में अपने परिवार का गौरव बढ़ाना है और इस अंचल की गायों पशु-पक्षी के जीवन दान देने होंगे जैन समाज हर जिले में गौ अस्पताल श्री राम पक्षी उपचार अस्पताल की स्थापना के लिए संकल्पित है अशोक नगर में श्रावक श्रेष्ठीयो के सहयोग से विशाल सर्वे सुविधा युक्त गौ अस्पताल श्री राम पक्षी उपचार अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है ये पूरे ग्वालियर चंबल हो और फिर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम से देश भर में अस्पताल की श्रंखला खड़ी कर गायों को चिकित्सा सुविधा देकर जीवन दान दें उन्होंने कहा कि धन सम्पत्ति वैभव आपको पुण्य कार्य करने से मिलते हैं इसलिए हम अपने अंदर दया करुणा की भावना को स्थान दें आपका हृदय अत्यंत पवित्र और पावन है इसमें प्रभु को विराजें ऐसी भावना बनाये।

# गुजरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे कलेक्टर, मौजूद मरीजों से लिया फीडबैक

### अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने के दिए निर्देश



**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज कुरूद विकासखण्ड के गुजरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं का आकस्मिक जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों से बात की और इलाज की सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। मरीजों ने अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति कम होने की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित बीपीएम और बीएमओ को डॉक्टरों सहित सभी पदस्थ अमले की शत्-प्रतिशत उपस्थिति प्रतिदिन ड्यूटी अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मरीजों के सामने ही अधिकारियों को चेताया कि डॉक्टरों या किसी कर्मचारी के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने से मरीजों के इलाज में लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोमा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने हो रहे संस्थागत प्रसवों की जानकारी ली। उन्होंने आगामी महीनों से स्वास्थ्य केन्द्र में ही अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिना किसी बड़े कारण के मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने को भी कहा। अपने निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने मातृ वंदन योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रसूती सहायता योजना जैसी सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए मरीजों-गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अस्पताल मे मौजूद मरीजों के परिजनों से आयुष्मान कार्ड से इलाज के बारे में जानकारी ली और क्षेत्र के सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश अधिकारियो को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों से भी उनकी तबीयत पूछी और इलाज के बारे में जानकारी ली। लिमतरा गांव की मरीज सजनी ने बताया कि डायरिया के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉक्टर दो बार परीक्षण कर चुके हैं, दवाएं और ग्लुकोज लगाया जा रहा है। कलेक्टर ने उपस्थित डॉक्टरों को अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का गंभीरता से इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रात्रिकालीन शिप्ट में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों को अस्पताल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में शासकीय अमले के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की थाना - चौकी चिखली पुलिस ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 64(2)(ड),87 बीएनएस, 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 21.03.25 को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि इनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगाकर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया मामला गंभीर अति संवेदनसील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल चिखली पुलिस टीम तैयार कर अपहृता की पतासाजी किया गया, जो अपहृता को संदेही राजेश ठाकुर के कब्जे से चिचोला बस स्टैण्ड के पास बरामद किया जाकर पीड़िता से पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपहृता को नाबालिग होना जानते हुए प्रेम जाल मे फंसा कर बहला फुसलाकर जबरदस्ती शारिरीक संबंध बनाया और शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगाकर हैदराबाद ले जाना बताने पर धारा 64(2)(ड),87 बीएनएस, 4,6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने आरोपी राजेश ठाकुर पिता स्व. नुतन ठाकुर उम्र 28 साल साकिन ग्राम कोहका ढाबा चौकी तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ थाना लालबाग जिला राजनांदगांव (छग) को पकड़ कर कड़ाई से पुछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने और मेडिकल मुलाहिजा से पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 6 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** सुरक्षा बलों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 06 माओवादी को गिरफ्तार किया है। जिनमें थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत एड़कापल्ली से अपहरण और हत्या के मामले में फरार 03 माओवादी भी शामिल है। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना बेदरे एवं छसबल 18/ई की संयुक्त कार्यवाही में एड़कापल्ली से ग्रामीण के अपहरण एवं हत्या के मामले में फरार 03 माओवादियों रमेश मिच्चा (ग्राम पार्टी कमेटी सदस्य) पिता इरपा मिच्चा जाति मुरिया उम्र 29 वर्ष ग्राम एड़कापल्ली थाना बेदरे, राकेश वाचम (ग्राम पार्टी कमेटी सदस्य) पिता दशा वाचम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़कापल्ली थाना बेदरे तथा बाजू वाचम (मिलिशिया सदस्य) पिता डोग्गा वाचम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़कापल्ली थाना बेदरे को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी और थाना भैरमगढ़ की संयुक्त टीम चिहका की ओर अभियान पर निकली थी। चिहका से थाना भैरमगढ़ के अपराध क्रमांक 08/2023 में ओड़सा घुड़साकल स्टॉप डेम निर्माण कार्य में लगे वाहन में आगजनी करने एवं कर्मचारियों से मारपीट करने की घटना में शामिल 03 फरार माओवादी लालू भोगामी (मिलिशिया सदस्य) पिता सुखराम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी चिहका थाना भैरमगढ़ ,ईश्वर कुपाल (मिलिशिया सदस्य) पिता नड़गी उम्र 32 वर्ष निवासी चिहका थाना भैरमगढ़ तथा रतीराम जुर्री (मिलिशिया सदस्य) पिता कोसा उम्र 30 वर्ष निवासी चिहका थाना भैरमगढ़ को पकड़ा गया है। पकड़े गये उपरोक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना भैरमगढ़ में 01-01 स्थाई वारंट लंबित है। कड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना बेदरे एवं भैरमगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# कलेक्टर ने बाल विवाह रोकथाम के प्रचार-प्रचार हेतु चलित वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर से बाल विवाह रोकथाम के प्रचार-प्रचार हेतु चलित वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह रोकथाम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बैनर, पोस्टर से सुसज्जित चलित वाहन तैयार किया गया है। चलित वाहन महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं ग्रामों में पहुंचकर बाल विवाह रोकथाम की जानकारी प्रदान करेंगी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने नागरिकों से बच्चों के कुपोषण तथा शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए लड़कियों का विवाह 18 वर्ष के बाद एवं लड़कों का विवाह 21 वर्ष के बाद कराने की अपील की है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री एनएस रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने के लिए प्रदेश में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चलाया जा रहा है। 18 वर्ष से कम उम्र में लड़कियों तथा 21 वर्ष से कम उम्र में लड़कों का विवाह करना बाल विवाह है। कम उम्र में बाल विवाह करने व कराने वाले, वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले, गाने-बजाने वाले, वैवाहिक अनुष्ठानकर्ता एवं बैण्ड पार्टियों टेन्ट वालों सहित अन्य बाल विवाह में जुड़े व्यक्ति को 2 वर्ष सजा एवं 1 लाख रूपए तक का जुर्माने से दण्डित किए जाने का प्रावधान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत प्रावधानित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के सर्व परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में होने वाले बाल विवाह की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन का सहयोग प्राप्त करते हुए बाल विवाह को रोकने तथा अविलम्ब जिला कार्यालय को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिला स्तरीय दल को बाल विवाह रोकथाम हेतु अविलम्ब मौके पर भेजा जा सके। उन्होंने नागरिकों से बाल विवाह रोकथाम में अपनी भागीदारी के लिए बाल विवाह होने की सूचना मोबाईल नम्बर 8319964100, 7987100143 एवं चाईल्ड लाईन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर देने की अपील की है।

# समाज में एकता और समानता की दिशा में मां कर्मा ने अविस्मरणीय योगदान दिए : रंजना साहू



**धमतरी(विश्व परिवार)।** पूरे प्रदेश सहित देश में हर्षोल्लास के साथ साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा की जयंती मनाई गई, इसी अवसर पर सोरिद, जोधापुर, डाकबंगला वार्ड धमतरी में हरदिहा साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि कर्मा माता की 1009 वीं जयंती में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू अतिथि के रूप में शामिल होकर आराध्य देवी मां कर्मा की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों कि सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए समाज जनो को शुभकामनाएं प्रेषित किये। श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि साहू समाज के लोग भक्त मां कर्मा को एक प्रेरणा स्रोत के रूप में मानते हैं, उनकी पूजा अर्चना से मानसिक और भौतिक समृद्धि की प्राप्ति होती है, मां कर्मा साहू समाज के लिए श्रद्धा का केंद्र बिंदु है उनके साथ कई धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराएं जुड़ी हुई है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि मां कर्मा ने अपने जीवन में समाज के कल्याण के लिए विभिन्न कार्य किए, समाज में व्याप्त असमानताओं और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जाकर समाज में एकता और समानता की दिशा में कार्य कर नए आयाम स्थापित किए, उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर कार्यक्रम में धमतरी नगर पालिका निगम सभापति कौशल्या देवांगन, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बन्धूजन व वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### चीफ इंजीनियर ने किया पीडब्ल्यूडी कार्यालयों का निरीक्षण

**धमतरी(विश्व परिवार)।** रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री जानेश्वर कश्यप ने आज धमतरी संभाग के पीडब्ल्यूडी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। श्री कश्यप ने कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारियों के कार्यालयों में पहुंचकर रिकॉर्ड संधारण, कार्यालयों की साफ-सफाई और चल रहे निर्माण कार्यों से संबंधित नस्तियों का अवलोकन किया। उन्हांने राज्य शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों और दिशा-निर्देशों का शासकीय कामकाज में पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान रायपुर मण्डल के अधीक्षण अभियंता श्री बिरेन्द्र सिंह भी साथ मौजूद रहे। कश्यप ने धमतरी संभाग के ईई कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड-02 श्री दीनदयाल साहू को अर्धवार्षिकी आयु पूरी कर सेवानिवृत्त होने पर पूरे लोक निर्माण विभाग की तरफ से भावभीनी बिदाई दी। उन्होंने कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त बिदाई कार्यक्रम में श्री साहू को पेंशन भुगतान आदेश भी दिया। इस दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा श्री साहू के किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया।

# ग्राम रत्नाबांधा में मां कर्मा जयंती का भव्य समारोह संपन्न मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तहसील साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष डीपेंद्र साहू

**धमतरी(विश्व परिवार)।** साहू समाज रत्नाबांधा में आयोजित भक्ति माता कर्मा के 1009 वीं जयंती समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि कि आसंदी से अपने उदगार प्रस्तुत करते हुए धमतरी नगर के समाजसेवी श्री डिपेंद्र साहू जी ने कहा की कर्मा माता साहू समाज की आराध्य देवी है क्योंकि आज से 1000 वर्ष पूर्व माता कर्मा ने अपने सभी पारिवारिक दायित्वों का भली भांति निर्वहन करते हुए भगवान की भक्ति में लीन रही। तत्कालीन समाज में विछिन्न तेली वंश पर हुए अत्याचार के विरोध में प्रखर आवाज उठाई। समस्त तैलिक वंश को संगठित किया। वहीं से हमारे समाज में जागृति का अंकुर फूटा और उनके आदर्शों पर चलकर आज साहू समाज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। सभा अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू ने सामाजिक एकता महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि हम समस्त महिलाएं अपने मात्र धर्म को सरलता एवं सहजता के साथ निभाएं। घर परिवार में समस्त सदस्यों को अच्छा संस्कार देवें। महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला करें। समारोह के पूर्व रत्नाबांधा ग्रामीण साहू समाज के लोगों ने प्रात: 10:00 बजे मंगल कलश के साथ शोभायात्रा निकाली जिसमें माताओं ने एवं बहू बेटियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दोपहर 12:00 बजे पुन: कर्मा माता की आरती पूजन एवं मंचीय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत रत्नाबांधा के उप सरपंच दादू लाल यादव ग्राम लोहरसी के पूर्व उपसरपंच डॉक्टर देवनारायण गजेंद्र ग्राम श्याम तराई के पूर्व सरपंच श्री उमेश साहू ग्राम मुस्कान के समाजसेवी श्री भुवनेश साहू जी ग्राम रत्नाबांधा के सेवा निवृत प्रधान पाठक श्री दुष्यंत साहू जी ने भी सभा को संबोधित किया। ग्रामीण साहू समाज रत्नाबांधा के संरक्षक श्री भारत लाल साहू जी ने मंच संचालन किया। पूरे समारोह में ग्रामीण अध्यक्ष श्री गोपाल राम साहू उपाध्यक्ष श्री सत्यनारायण साहू सचिव श्री तीर्थराज साहू कोषाध्यक्ष श्री सुनील कुमार साहू कार्यकारिणी सदस्य श्री डोमन लाल साहू श्री राम सेवक साहू श्री रामकृष्ण साहू श्री रामचंद्र साहू श्री संतोष साहू श्री राजाराम साहू श्री राम रतन साहू श्री उमाशंकर साहू श्री विकास कुमार साहू श्री विशाल कुमार साहू श्री लव कुमार साहू श्री परमेश्वर साहू कुमारी निष्ठा साहू कुमारी पायल साहू कुमारी शालिनी साहू कुमारी रागनी साहू एवं अनेक सामाजिक जन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लघु उद्यमियों एवं जरूरतमंदों को उदारतापूर्वक ऋण प्रदान करें बैंकर्स - कलेक्टर




**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकर समिति (डीएलसीसी) की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। जिले के सभी तहसीलों में बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाने कहा। जिससे आसानी से जनसामान्य बैंक से जुड़ सके। कलेक्टर ने बैंकर्स से कहा कि छोटा व्यवसाय करने वाले लघु उद्यमियों एवं जरूरतमंदों को उदारतापूर्वक ऋण प्रदान करें। आपके मदद एवं सहयोग से किसी की जिंदगी बदल सकती है। छोटे स्तर पर व्यवसाय प्रारंभ करने वाले उद्यमी जल्दी से जल्दी ऋण चुकाने का प्रसास करते हैं, ताकि उन्हें आगे और ऋण प्राप्त हो सके। उन्होंने छोटे-छोटे कार्य करने वालों का मार्गदर्शन एवं सहयोग करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले में महिला स्वसहायता समूह मजबूती से कार्य कर रही है और आर्थिक स्वावलंबन के अद्भूत परिणाम मिल रहे हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए इस दिशा में कार्य करते हुए अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा राशि को शीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाओं को निर्धारित समयावधि में निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के मत्स्य पालकों, डेयरी एवं पशुपालकों का किसान क्रेडिट कार्ड प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्हें आवश्यकता के अनुसार ऋण उपलब्ध कराने कहा। जिले में पानी की कमी को देखते हुए किसानों को अन्य फसल के लिए ऋण उपलब्ध कराकर प्रोत्साहित करने कहा। इसके साथ ही किसानों को कृषि उपकरण एवं अन्य वस्तुओं के लिए भी ऋण देने कहा। जिससे उन्हें समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें अच्छा मार्गदर्शन दें, जिससे उनको मुनाफा अधिक हो सके। कलेक्टर ने पशुपालन, मछली पालन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्टैण्डप योजना, शिक्षा ऋण, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर आरबीआई के प्रतिनिधि श्री दिग्विजय राउत, लीड बैंक प्रबंधक श्री मुनिश शर्मा, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के प्रमुख श्री मनोज नायक, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित थे।

### जेसमिन, देवांशी की वाक्पटुता से प्रभावित हुए कलेक्टर

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी शहर से लगे लोहरसी के आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले छोटे बच्चों जेसमिन और देवांशी ने अपनी वाक्पटुता से आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव का खासा प्रभावित किया। आज सुबह कलेक्टर ने इस आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और यहा पहुंचे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने सभी उपस्थित बच्चों के नाम पूछे। कलेक्टर ने प्ले कार्ड दिखाकर बच्चों से उनमें बनी आकृतियों के बारे में पूछा। साइकिल के प्ले कार्ड को देखकर जेसमिन ने तपाक से उत्तर दिया और कहा कि मोर घर भी हे साइकिल, मोर पापा चलाथे, मैं हा बैठथों। वहीं देवांशी ने हेलकॉप्टर के प्ले कार्ड को पहचान कर उत्तर दिया। कलेक्टर इन दोनों नटखट बच्चियों की बाल लीलाओं से बहुत प्रभावित हुए और उनकी प्रशंसा की। श्री मिश्रा ने आंगनबाड़ी के अन्य बच्चों को भी अच्छे से पढ़ाने, साफ-सफाई का महत्व बताने तथा शालीनतापूर्वक अच्छी बातें करना सिखाने की सलाह कार्यकर्ता को दी। आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों के नाश्ते और भोजन के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बच्चां के लिए बने रेडी-टू-ईट के पोषक हलवे का स्वाद भी चखा। श्री मिश्रा ने बच्चों को निर्धारित समय पर नाश्ता कराने और भोजन कराने के निर्देश दिए।

## व्यापार समाचार

# विश्व का नंबर 1 सहकारी समिति इफको त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की घोषणा का स्वागत करता है

**नई दिल्ली:** इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए माननीय सहकारिता और गृह मामलों के मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और छोटे उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करेगा, सामाजिक समावेशन को बढ़ाएगा और नवाचार व अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसरों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश को सहकारिता की भावना से प्रेरित और आधुनिक शिक्षा से सुसज्जित एक नया सहकारी नेतृत्व प्रदान करेगा। डॉ. उदय शंकर अवस्थी, प्रबंध निदेशक, इफको ने कहा, मैं त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की सराहना करता हूं, जो सहकारी संस्थानों के अग्रणी विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना सहकारी क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के इस सराहनीय कदम का स्वागत करता हूं। यह भारतीय कृषि, किसानों और ग्रामीण विकास के लिए बहुत बड़ा कदम है। इससे हमारे गांव और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, देश भर में क्षेत्र-विशिष्ट स्कूलों की स्थापना से उर्वरक सहकारी संस्थानों, विशेष रूप से इफ्को को मदद मिलेगी। इससे उर्वरक सहकारी प्रबंधन और विपणन के क्षेत्र में पेशेवरों की नई पीढ़ी सशक्त होगी। मौजूदा सहकारी कर्मचारियों के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम एक गेम-चेंजर हैं और यह ऐसा कदम है जो इस पैमाने पर पहले कभी नहीं उठाया गया। यह विश्वविद्यालय मौजूदा कर्मचारियों और सहकारियों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे वे अधिक कुशल बनेंगे और सहकारी बिरादरी के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित होंगे। इस कदम की सराहना व्यक्त करते हुए श्री दिलीप सांघानी, अध्यक्ष, इफ्को ने कहा कि यह कदम सुनिश्चित करेगा कि सहकारी नेतृत्व की अगली पीढ़ी के बीजों को एक ऐसी प्रणाली के तहत पोषित और संरक्षित किया जाएगा जो सहकारी संस्थानों द्वारा सहकारी संस्थानों के लिए संचालित होगी।

# युवा रायपुर द्वारा आयोजित प्रेरणादायक संगोष्ठी: सफलता की राह में अग्रसर होने का संदेश



**रायपुर।** शहर की शैक्षणिक एंव सामाजिक संस्था युवा रायपुर के तत्वावधान में ष्टत्नक्कस्ष्ट, स्स्ष्ट, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ गीतेश अमरोहित ने छात्रों को सफ्लता के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संतुष्टि हमें आगे बढ़ने से रोक देती है। हमें हमेशा आगे बढ़ते रहने का प्रयास करना चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अजीत जोगी और विश्वविख्यात कवि रविंद्रनाथ टैगोर के उदाहरण प्रस्तुत किए, जिन्होंने जीवन में कभी भी संघर्ष करना नहीं छोड़ा और अपने लक्ष्य की ओर सतत अग्रसर रहे।


**जीवन निर्माण में सभी का योगदान :** डॉ अमरोहित ने बताया कि हमारे जीवन को आकार देने में केवल माता-पिता ही नहीं, बल्कि वे सभी लोग योगदान देते हैं, जिनसे हम कभी न कभी मिले हैं और जिन्होंने हमें किसी न किसी रूप में प्रेरित किया है। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि चाहे वह गुरु हो, नाई हो या दूधवाला, हर किसी ने हमारी सफ्लता में किसी न किसी रूप में योगदान दिया है। यही समग्र सहयोग हमारे राष्ट्रीय चरित्र को मजबूत बनाता है और हम सभी राष्ट्रीय संपत्ति हैं।

**संघर्ष ही सफ्लता की कुंजी :** उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि किसी चीज़ को पाना है तो उसके पीछे लगातार मेहनत करनी होती है। बिना संघर्ष और कठिनाइयों के कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने जोशपूर्ण शब्दों में कहा, न संघर्ष, ना तकलीफतो क्या मज़ा है जीने में! बड़े-बड़े तूफ्रन थम जाते हैं, जब आग लगी हो सीने में। उन्होंने अभ्यर्थियों को यह संदेश दिया कि वे अपनी राह में आने वाली कठिनाइयों से घबराए बिना आगे बढ़ते रहें।

**लक्ष्य निर्धारण का महत्व :** छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने लक्ष्य निर्धारण की महत्ता को स्पष्ट किया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कुत्ते को डंडा मारा जाता है तो वह केवल डंडे को काटने दौड़ता है, जबकि शेर पर आक्रमण करने पर वह सीधा हमलावर पर हमला करता है। इसी प्रकार, यदि हम सफ्लता प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से पहचानना आवश्यक है और उस पर सीधा केंद्रित रहना चाहिए।

**UPSC एवं CGPSC की तैयारी की रणनीति : PSC** और ष्टत्नक्कस्ष्ट जैसी परीक्षाओं को निकालने के लिए सामान्यत: 2-3 वर्षों की कड़ी तैयारी और पूर्व में अर्जित ज्ञान की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि CGPSC में आवेदन करने वाले 100% अभ्यर्थियों में से केवल 20% ही वास्तविक प्रतियोगिता में शामिल होते हैं, जबकि शेष 80% केवल फॅार्म भर देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को यह भी सलाह दी कि प्लान्र के साथ-साथ प्लान क्क भी तैयार रखना चाहिए। यदि किसी कारणवश प्लान्र सफ्ल नहीं हो पाता है, तो प्लान क्क का सहारा लिया जा सके।

# भारत का चिप बाजार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर को कर जाएगा पार : केंद्र



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सेमीकंडक्टर डिजाइन में कुल वर्कफोर्स का करीब 20 प्रतिशत भारत में है और देश की चिप मांग वर्तमान में 45-50 बिलियन डॉलर है, जो 2030 तक 100-110 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्र सरकार ने दी है। एमईआईटीवाई के सचिव एस. कृष्णन ने इस लक्ष्य का प्राप्त करने के लिए, इनोवेशन और टैलेंट डेवलपमेंट को बढ़ावा देते हुए नैनो सेंटर की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो 85 हजार प्रोफेशनल का सेमीकंडक्टर रेडी वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं। आईआईएससी बेंगलुरु के नेशनल साइंस सेमिनार कॉम्प्लेक्स में पहले 'नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स रोड शो' में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम मंत्रालय और सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने का प्रतीक है, जिसमें सरकार भारत के तकनीकी और औद्योगिक भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभार रही है। कृष्णन ने उपस्थित लोगों से कहा, मंत्रालय का मुख्य ध्यान भारत सेमीकंडक्टर मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सभी अलग-अलग प्रयासों को एक साथ लाना है, जो दुनिया के सबसे व्यापक सब्सिडी और अनुदान कार्यक्रमों में से एक है। प्रमुख सेमीकंडक्टर सुविधाओं में लगभग 70-75 प्रतिशत निवेश करदाताओं के पैसे से आता है, इसलिए प्रत्येक भारतीय इस मिशन में एक हितधारक है। रोड शो में 100 से अधिक बौद्धिक संपदा (आईपी), 50 से अधिक ग्राउंड ब्रेकिंग तकनीक और 35 से अधिक होनहार स्टार्टअप के इनोवेशन को प्रदर्शित किया गया। रोड शो ने 700 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों के लिए भारत के नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम को मजबूत करने की रणनीतियों के तहत सहयोग के क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी अभिषेक सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि टेक्नोलॉजी हमारे सभी जीवन में क्रांति ला रही है। उन्होंने कहा, भारत एआई मिशन के तहत, आईएनयूपी कार्यक्रम और अन्य पहलों के माध्यम से, स्टार्टअप, उद्यमी और शोधकर्ता वास्तविक दुनिया से जुड़ी समस्याओं को हल कर रहे हैं, जिससे भारत अत्याधुनिक तकनीक के मामले में सबसे आगे आ रहा है। उन्होंने आगे कहा, आईआईएससी, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी दिल्ली और अन्य संस्थानों के प्रयासों के साथ, हम एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जो सुनिश्चित करता है कि भारत इस क्रांति में सबसे आगे रहे।

# एमएसपी से नीचे नहीं खरीदी जाएं फसलें, शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकारों से किया आग्रह

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र द्वारा घोषित एमएसपी से कम कीमत पर कृषि उपज की खरीद न हो। उन्होंने कहा कि अगले चार वर्षों (2028-29) तक तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की उपज का 100 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदा जाएगा, जिससे किसानों को अधिक आय सुनिश्चित हो सके और देश दालों में आत्मनिर्भरता हासिल कर सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए लगातार काम करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से उपज खरीदने की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खरीफ 2024-25 सीजन के दौरान एमएसपी के तहत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश सहित राज्यों में तुअर (अरहर) की खरीद को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही किसानों के हित में कर्नाटक ने खरीद अवधि को 30 दिन बढ़ाकर 1 मई करने को भी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर खरीद जारी है और 25 मार्च 2025 तक इन राज्यों में कुल 2.46 लाख मीट्रिक टन तुअर (अरहर) की खरीद की जा चुकी है, जिससे इन राज्यों के 1,71,569 किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में तुअर का भाव इस समय एमएसपी से ऊपर चल रहा है। इसी तरह रबी मार्केटिंग सीजन 2025 के दौरान चना, सरसों और मसूर की खरीद को मंजूरी दी गई है। पीएम-आशा योजना को 2025-26 तक बढ़ा दिया गया है। इसके तहत किसानों से एमएसपी पर दलहन और तिलहन की खरीद जारी रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि तमिलनाडु में खोपरा (मिलिंग और बॉल) की खरीद को भी मंजूरी दी गई है।

# 27 करोड़ का तो लिहाज कर लेते खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत जमकर हो रहे हैं ट्रोल

### सोशल मीडिया पर फूटा फैंस का गुस्सा




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 ऋषभ पंत के लिए अच्छा नहीं रहा है. अब तक उन्होंने दो मैच खेले हैं. इस दौरान उनका बल्ला रन बनाने में नाकाम रहा. दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में उनका खाता भी नहीं खुला. वहीं बीते दिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी पंत संघर्ष करते नजर आए. 27 वर्षीय खिलाड़ी अपनी फीस के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं. सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है. 27 मार्च को हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद आमने सामने थी. राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में यह मुकाबला खेला गया. लखनऊ की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी. कप्तान ऋषभ पंत इस मैच में ज्यादा कुछ नहीं कर सके. बाएं हाथ के बल्लेबाज 15 गेंदों में 15 रन बनाकर चलते बने. उनकी पारी में एक चौका शामिल रहा. हर्षल पटेल ने मोहम्मद शमी के हाथों कैच करवाकर उन्हें पवेलियन भेजा. इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में भी ऋषभ पंत का यही हाल रहा. 24 मार्च को हुए मुकाबले में पंत शून्य के स्कोर पर ढेर हो गए. लखनऊ के कैप्टन ने अपनी पारी के दौरान 6 गेंदों का सामना किया. हालांकि, इन 6 गेंदों में वह एक भी रन नहीं बना सके. अब तक खेले गए दो मैचों को मिलाकर विकेटकीपर बैटर के नाम कुल 15 रन दर्ज है. आने वाले मैचों में उनकी टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी. आईपीएल 2025 को लेकर हुए मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत 27 करोड़ में बिके. लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिकॉर्ड बोली लगाकर 27 वर्षीय धुरंधर को अपनी टीम में शामिल किया. इसके साथ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे क्रिकेटर भी बने. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को पछाड़ा. पिछले सीजन में कोलकाता नाईट राइडर्स ने घातक तेज गेंदबाज को 24.75 करोड़ में खरीदा था.

# भारत का एक्सप्रेस पार्सल बाजार तेजी से बढ़ रहा आगे, 2030 तक लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 24-29 बिलियन शिपमेंट की उम्मीद



**बेंगलुरु( एजेंसी )।** भारत का एक्सप्रेस पार्सल बाजार तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है, जो वित्त वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 24-29 बिलियन शिपमेंट जोड़ देगा। शुक्रवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह वित्त वर्ष 2024 के 8-9 बिलियन शिपमेंट के पैमाने से 19-23 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) होने की संभावना है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में, बाजार के 10-11 बिलियन शिपमेंट तक पहुंचने का अनुमान है, जिसे ई-कॉमर्स सेक्टर, विशेष रूप से नॉन-हॉरिजोंटल और हाइपरलोकल/क्विक कॉमर्स के उदय के कारण बढ़ावा मिलेगा। वित्त वर्ष 2025 में एक्सप्रेस पार्सल बाजार में ई-कॉमर्स (हाइपरलोकल को छोड़कर) का हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक था, जिसमें लगभग 4.8-5.5 बिलियन शिपमेंट थे। वित्त वर्ष 2030 तक इसके 15-16 बिलियन शिपमेंट तक बढ़ने की उम्मीद है, जो उस समय तक एक्सप्रेस पार्सल बाजार में 55-60 प्रतिशत का योगदान देगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का एक्सप्रेस पार्सल बाजार पारंपरिक कूरियर से ई-कॉमर्स और हाइपरलोकल शिपमेंट की ओर बढ़ रहा है, जो डिजिटल अपनाने और शहरीकरण की वजह से बढ़ रहा है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के पार्टनर मृगांक गुटगुटिया ने कहा, लोग अब तेज़, अधिक सुविधाजनक डिलीवरी की उम्मीद करते हैं, जो ई-कॉमर्स और हाइपरलोकल शिपमेंट में उछाल ला रहा है, जबकि पारंपरिक पार्सल बहुत धीमी गति से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स में उछाल के कारण वित्त वर्ष 2020-30 के बीच एक्सप्रेस पार्सल की मात्रा में शानदार वृद्धि होने की संभावना है, एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स प्लेयर्स को आगे रहने और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स और हाइपरलोकल अवसर परिदृश्य का लाभ उठाने के लिए अपनी रणनीतियों को फिर से संगठित करने की जरूरत है।

# आईपीएल 2025- ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकले निकोलस पूरन



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** लखनऊ सुपर जायंट्स के हिटिंग मशीन निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। पूरन ने अब तक लखनऊ की ओर से दो मैच खेले और दोनों मैच में ही उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी पक्ष के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के सामने उन्होंने महज 26 गेंदों में ताबड़तोड़ 70 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पूरन ने पारी के दौरान 6 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के लगाए। टूर्नामेंट में अब तक खेले गए दो मैचों में पूरन ने 12 चौके और 13 छक्कों की मदद से 145 रन बनाए हैं और इसी के साथ ही वह ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर हैं। उनके बाद मिशेल मार्श हैं, जो 2 मैचों में 124 रन बनाकर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। मार्श टूर्नामेंट में अब तक 13 चौके और 8 छक्के लगा चुके हैं। ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए दो मैचों में 114 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में अब तक 14 चौके और 6 छक्के भी जड़ चुके हैं। देखा जाए तो ऑरेंज कैप की रेस में सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन कुछ वक्त पहले तक सबसे आगे चल रहे थे। उनके नाम पहले मैच में 106 रन थे। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ किशन ने टूर्नामेंट में शानदार शतक लगाया था। उम्मीद की जा रही थी कि लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने भी वह अपनी बल्लेबाजी के दम पर ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर रहेंगे। लेकिन, लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने उन्हें शून्य पर आउट कर दिया। वहीं, निकोलस पूरन की शानदार बल्लेबाजी ने लखनऊ को टूर्नामेंट में पहली जीत दिलाई।

# क्रिएटिव फ्रीडम का अनावरण: मास्टर कारीगरों और राजस्थान जेल के कैदियों द्वारा मंचहा और फ्रीडम मंचहा कालीनों की एक अभूतपूर्व प्रदर्शनी



**रायपुर।** जयपुर रग्स को हस्तनिर्मित कालीनों की जीवंत और अभिनव मंचहा और फ्रीडम मंचहा श्रृंखला का जश्न मनाने वाली एक विशेष प्रदर्शनी पेश करने पर गर्व है। ग्रामीण राजस्थान के प्रतिभाशाली कारीगरों द्वारा 100 से अधिक पुरस्कार विजेता डिज़ाइनों की विशेषता वाला यह क्यूरेटेड संग्रह, रायपुर में संरक्षकों को इन असाधारण टुकड़ों को परिभाषित करने वाली कहानियों, रचनात्मकता और स्वतंत्रता में डूबने के लिए आमंत्रित करता है। मनचाहा सीरीज, जिसका अर्थ है दिल से महसूस किया गया या बिना किसी बंधन के, कारीगरों को प्रत्येक रचना में अपने व्यक्तिगत सपने, अनुभव और भावनाओं को बुनने की अनुमति देता है। ये कालीन कलात्मक अभिव्यक्ति, सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता का एक अनूठा मिश्रण हैं, जहाँ प्रत्येक डिज़ाइन कारीगर की व्यक्तिगतता का प्रतिबिंब है। दूसरी ओर, फ्रीडम मनचाहा सीरीज एक कदम आगे जाती है, जिसमें राजस्थान की जेलों के कैदियों द्वारा तैयार किए गए कालीन शामिल हैं। ये डिज़ाइन उन व्यक्तियों की अप्रतिबंधित रचनात्मकता और सशक्तिकरण को दर्शाते हैं, जिन्होंने जेल में रहने के बावजूद अपनी कला में स्वतंत्रता की भावना पाई है। फ्रीडम मनचाहा संग्रह रचनात्मकता की परिवर्तनकारी शक्ति और मानवीय भावना की लचीलापन का एक शक्तिशाली प्रमाण है। पतंगों की रंगीन चमक को दर्शाने वाले उल्लासमय रंग बिखरे से लेकर टेडी बियर के मालिक होने के बचपन के सपनों से प्रेरित गुलदे और गुड़िया का घर तक, ये कालीन भावनाओं और अनुभवों के स्पेक्ट्रम का पता लगाते हैं। मनचाहा और फ्रीडम मनचाहा रचनाएँ प्रत्येक का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब हैं कारीगर की आवाज़, जुनून, कौशल और बिना किसी सीमा के सृजन की आज़ादी से ओतप्रोत। प्रदर्शनी में उल्लेखनीय कृतियाँ शामिल हैं: छवि, प्रीति, मानसी और कल्पना द्वारा रंग बिखराए - पतंगों और उनकी उन्मुक्त पूंछों की रंगीन कल्पना से प्रेरित रचनात्मकता का एक ज्वलंत चित्रण। महावीर द्वारा लालिमा - अपनी प्यारी पत्नी को एक शानदार श्रद्धांजलि, उनकी पहली मुलाकात और उस पल में बुनी गई भावनाओं को कैद करती है। अमरचंद द्वारा जंजीरे - जीवन के अंतर्संबंधों का एक जटिल प्रतिनिधित्व, जो अनुभवों, विश्वासों और मूल्यों के बीच गहरे संबंधों को दर्शाता है। अरशद और निरंजन द्वारा सुख-दुख - जीवन के द्वंद्वों की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति, जो मानव अस्तित्व के आनंद और संघर्षों को खूबसूरती से एक साथ बुनती है। छगन और प्रेम द्वारा पनिहारी - आशा और लचीलेपन का प्रतीक, जो राजस्थान की दौसा जेल के भीतर उनकी व्यक्तिगत यात्रा से प्रेरित है। इसके अलावा, रुक्मणी देवी की सुगंधित और भूपेश सोनी की गाव का जीवन जैसी कृतियाँ कला की ताकत, लचीलापन और परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करती हैं।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

## राज्यपाल रमेन डेका ने ईद की मुबारकबाद दी

**रायपुर (विसं)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने ईद उल फितर के अवसर पर प्रदेश वासियों सहित देश वासियों,विशेष कर मुस्लिम समुदाय को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि ईद उल फितर पूरे देश में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पवित्र अवसर हमें एक-दूसरे के साथ एकता, समरसता और सहयोग का अनुभव कराता है। इस मुबारक मौके पर उन्होंने कहा कि यह ईद आप सबके जीवन में नई ख़ुशहाली और सफलता लाए। इस अवसर पर हमें समरसता के संदेश को मजबूती से बढ़ाने का संकल्प करना चाहिए, जो राष्ट्र की समृद्धि और एकता के लिए महत्वपूर्ण है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में 7 रेलवे परियोजनाओं की रखी आधारशिला, 4 परियोजनाओं को किया राष्ट्र को समर्पित, कुल लागत 2,695 करोड़ रुपए

### अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा (व्हाया-मंदिर हसौद) का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया






**रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 4 महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनकी कुल लागत ?2, 695 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्ठा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

**आधारशिला रखी गई 7 रेलवे परियोजनाएं-**

खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन)- 6 किमी (लागत: 80 करोड़ रुपए)। सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन)- 12 किमी (लागत: 168 करोड़ रुपए)।

दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन)- 16 किलोमीटर (लागत: 256 करोड़ रुपए)। निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन)- 23 किलोमीटर (लागत: 347 करोड़ रुपए)। भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन)- 12 किलोमीटर (लागत: 233 करोड़ रुपए)। राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन)- 31 किलोमीटर (लागत: 328 करोड़ रुपए)। करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन)- 8 किलोमीटर (लागत: 95 करोड़ रुपए)।

**राष्ट्र को समर्पित की गई रेलवे परियोजनाएं-** राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन)- 48 किमी (लागत: 747 करोड़ रुपए)। नई रेल लाइन- मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर- 26 किलोमीटर (लागत: 353 करोड़ रुपए)। दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग)- 37 रेल किलोमीटर (लागत: 88 करोड़ रुपए)। छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण

**मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ-** अभनपुर-रायपुर (व्हाया-मंदिर हसौद) मेमू ट्रेन सेवा।

इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल मोहभट्ठा बिलासपुर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रामेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, जप्रतिनिगण, रेलवे, एनटीपीसी सहित अन्य उपक्रमों व राज्य सरकार के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित थे।

### परियोजनाओं के प्रमुख लाभ

**नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी :** अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

**यात्रियों के लिए तेज़ और सुविधाजनक यात्रा :** नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा अधिक तेज़ और सुगम होगी।

**रेल यातायात में सुधार :** तीसरी, चौथी और पाँचवीं लाइन की परियोजनाएं ट्रेन संचालन क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे ट्रेनों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

**माल परिवहन को बढ़ावा :** औद्योगिक रेलवे मार्गों के उन्नयन से कोयला, इस्पात और अन्य सामानों का परिवहन तेज़ और किफायती होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**नए राजधानी क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटी :** अभनपुर-केन्द्री-मंदिर हसौद रेलवे लाइन नया रायपुर को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

ये परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाएंगी, माल और यात्री परिवहन की गति बढ़ाएंगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में एनटीपीसी की 800 मेगावाट क्षमता वाली सीपत-III परियोजना की आधारशिला रखी



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पॉवर परियोजना चरण-III (1×800 मेगावाट) की आधारशिला रखी।

यह परियोजना 9791 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित की जा रही है, जो गृह राज्य, छत्तीसगढ़ एवं गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गोवा जैसे राज्यों को सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा की आपूर्ति करेगी।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 33, 700 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली ऊर्जा, तेल एवं गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और ग्रामीण आवास से संबंधित अनेक विकासात्मक एवं परिवर्तनकारी परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई एंव उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल, श्री रमेन डेका, माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, श्री मनोहर लाल, छत्तीसगढ़ विधानसभा के माननीय अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, माननीय केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, श्री तोखन साहू, छत्तीसगढ़ सरकार के माननीय मंत्री, माननीय सांसद एवं विधायक भी मौजूद थे।

एनटीपीसी सीपत की पिट-हेड ऊर्जा परियोजना सर्वाधिक ऊर्जा निर्माण क्षमता के साथ अत्याधुनिक अल्ट्रा- सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित है। सीपत III- (1×800 मेगावाट) बिजली संयंत्र शुरू हो जाने के बाद सीपत एसटीपीएस की कुल स्थापित क्षमता 3, 780 मेगावाट तक पहुंच जाएगी।

यह परियोजना सतत विकास, ऊर्जा सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाते हुए यह परियोजना भारत की विकास यात्रा में राज्य की भूमिका को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र में आर्थिक प्रगति लाकर लोगों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करेगी।



# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण : रायपुर में 11 हजार 946 आवासों का गृह प्रवेश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज हिंदू नववर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ में 3 लाख हितग्राहियों को नव निर्मित आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर रायपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 11 हजार 946 लाभार्थियों को उनके आवासों की चाबियां सौंपी गईं। इस वित्तीय वर्ष में रायपुर जिले के लिए 33 हजार 885 आवास स्वीकृत किए गए हैं। अप्रैल तक सभी कच्चे मकानों का सर्वेक्षण सुनिश्चित करने के लिए सर्वे एप 2.0 लॉन्च किया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा।

# छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा 05 दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दो बैच संचालित किए गए- पहला बैच 28 मार्च और दूसरा बैच 29 मार्च को कालींगा यूनिवर्सिटी, रायपुर में आयोजित किया गया। प्रत्येक बैच में 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, जो भविष्य में उद्यमिता प्रशिक्षण को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालींगा यूनिवर्सिटी के कुलपति ने उद्घाटन सत्र में उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्वरोज़गार और स्टार्टअप संस्कृति को सशक्त करने के लिए प्रशिक्षित ट्रेनर्स की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को छत्तीसगढ़ के युवा और नवोदित उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

श्री मुकुल वेदी, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII), अहमदाबाद ने ट्रेनिंग कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और प्रशिक्षार्थियों को बताया कि वे प्रशिक्षण के माध्यम से अपने ज्ञान को कैसे परिष्कृत कर सकते हैं और इसे समाज में प्रभावी रूप से लागू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों का सही मार्गदर्शन उद्यमियों को न केवल सही दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनाता है।

कार्यक्रम के समन्वयक श्री सचिन पटेल, EDII अहमदाबाद ने कार्यक्रम की संरचना और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को उद्यमिता की बारीकियों को समझने, व्यावसायिक योजना बनाने और वित्तीय प्रबंधन से लेकर डिजिटल मार्केटिंग तक के विभिन्न आयामों को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करेगा।

इसके अतिरिक्त, अन्य विशेषज्ञ वक्ताओं ने भी इस दौरान अपने विचार साझा किए और प्रशिक्षार्थियों को प्रेरित किया। वक्ताओं ने आधुनिक व्यावसायिक वातावरण, स्टार्टअप इकोसिस्टम, वित्तीय प्रबंधन, विपणन रणनीतियों और डिजिटल प्लेटफार्मों के महत्व पर जोर दिया।

# पूज्य अंतरमती माताजी के ससंघ सानिध्य में गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर टैगोर नगर मंदिर में कल्याण मंदिर विधान सम्पन्न







**रायपुर (विश्व परिवार)।** परम पूज्य आचार्य श्री कि परम प्रभावी शिष्या 105 श्री अंतरमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर टैगोर नगर, रायपुर मे आज दिनांक 30 मार्च 2025 चैत्र सुदी एकम हिंदू नव वर्ष पर नित्य अभिषेक पूजन के पश्चातश्री कल्याण मंदिर विधान सान्नद संपन्न हुआ।

विधान में शांति धारा पुण्यार्जक परिवार श्री संदीप अरुणा जैन आम्रपाली, विधान के मुख्य पात्र- सौधर्म इंद्र श्री पुष्पेंद्र रोहिता जैन, महायज्ञ नायक श्री प्रभात सीमा जैन कुबेर श्री रजनीश नीलम जैन ईशान इंद्र श्री अजित जैन आशीष जैन आशा जैन सनत इंद्र विनय अंजना सरोज जैन महेंद्र इंद्र श्री निर्मल मनीता जैन रहे।

परम पूज्य अंतरमती माताजी के मंगल सानिध्य मे समाज के सभी जनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ लिया.।

मंदिर समिति ने सभी के पुण्य कि बहुत-बहुत अनुमोदना की।

**-प्रभात जैन, टैगोर नगर**

# कलिंगा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

### 'सतत नवाचार प्रबंधन और विकास के लिए उभरती प्रौद्योगिकी'




**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी संकाय और आईपीआर सेल ने 27 और 28 मार्च, 2025 को 'सतत नवाचार प्रबंधन और विकास के लिए उभरती प्रौद्योगिकी' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

भव्य उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ ज्ञान और आत्मज्ञान के प्रतीक पारंपरिक दीप प्रज्व्वलन समारोह के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि अभनपुर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री रवि सिंह, कुलपति डॉ आर श्रीधर, महानिदेशक डॉ बायजू जॉन, आईपीआर सेल के निदेशक डॉ आर उदय कुमार और सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ ओ पी देवांगन की उपस्थिति में हुआ। श्री रवि सिंह ने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि वर्तमान समय में नए ऊर्जा स्रोतों और नई रणनीतियों को अपनाना आवश्यक है और हमें मौजूदा प्रौद्योगिकियों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए छात्रों को ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाकर नवाचार को प्रोत्साहित करना चाहिए।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता डीकिन विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ प्रोफेसर, डॉ. समन ए. गोरजी, मारियानो मार्कोस स्टेट यूनिवर्सिटी, फिलीपींस के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. एर्लिन एल. गोंजालेस, काम्फेंगफेट राजभट विश्वविद्यालय, थाईलैंड के एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. खम्फिचा - उपाध्यक्ष, काम्फेंगफेट राजभट विश्वविद्यालय, थाईलैंड थे।

दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें एनआईटी रायपुर के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. प्रदीप सिंह, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. गोपाल कृष्ण राठौर, बीआईएचईआर, चेन्नई के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन डॉ. एस. प्रवीण कुमार और साईराम इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. पी. वेंकटेश की प्रमुख उपस्थिति रही। इन तकनीकी सत्रों में भारत और विदेश के प्रख्यात शिक्षाविदों, प्रोफेसरों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने हाइब्रिड माध्यम से भाग लिया। उक्त सम्मेलन में लगभग 1200 शोधार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया, जिसमें 319 शोध पत्रों का चयन किया गया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में 300 शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। ये सभी शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शोध पत्रिका टेलर एंड फ्रांसिस और अन्य स्कोपस पत्रिकाओं में प्रकाशित किए जाएंगे। शोध छात्रों ने सम्मेलन की थीम के अनुसार अपने शोध प्रस्तुतीकरण और विचार साझा किए।

कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों श्री रितेश तिवारी, श्री स्वाधीन नायक, सुश्री ईशा देवांगन, सुश्री दीप्ति पांडे, सुश्री ऋद्धि सिंह, सुश्री तंजिला नाज, सुश्री जसलीन कौर, श्री सूर्या श्रीवास्तव ने बखूबी किया। तकनीकी सत्रों का संचालन विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री कमलेश कुमार यादव और श्री मोती रंजन तांडी ने किया। दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. देवांगन द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और प्रायोजकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए विश्वविद्यालय नेतृत्व को विशेष सराहना दी गई।

कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के संकाय सदस्य- डॉ. अनुपा सिन्हा, डॉ. अयाय अहमद अफरीदी, सुश्री चांदनी सावलानी, श्री देबरगया विश्वास, सुश्री मंजुलता भोई, श्री मनीष नंदी, सुश्री अर्चना मिश्रा, सुश्री अंजलि गोस्वामी, सुश्री रागिनी कुशवाह, श्री अंजलि कदाओ, सुश्री प्रेरणा दुसी, श्री आशु नायक, सुश्री आकांशा सोय, सुश्री रूही खान छात्रों के साथ भी कार्यक्रम में मौजूद थे. कलिंगा विश्वविद्यालय भविष्य की प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए समर्पित है तथा शिक्षा में उत्कृष्टता की अपनी विरासत को जारी रखने के लिए तत्पर है।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354